दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



दीवाली सबकी खुशियों वाली

दीवाली गिफ्ट

वर्ष : 12 अंक : 309 लखनऊ, 06 नवम्बर ,शुक्रवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

गृहमंत्री शाह ने पंजाब को दी कई सौगातें, कांग्रेस और आप सरकार पर किया बड़ा हमला

राहुल में बहस की हिम्मत हो तो आएं संसद में कर लें दो दो हाथ, घुसपैठियों को चुन-चुनकर देश से बाहर निकालेंगे



डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक / नई दिल्ली,

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने करनाल में एक किमी की लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा की। मंच से संबोधन करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस की अराजकता व तुष्टीकरण की राजनीति अब पूरी तरह एक्सपोज हो चुकी है और देशवासी इसके खिलाफ सड़कों पर उतर रहे हैं। शाह क ने कहा कि आज हमारी भाजपा द्वारा आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' रैली का आखिरी दिन है। हमने एक जैसा उत्साह और भारी भीड़ देखी है। देश भर की सड़कों पर हमारे नेता प्रधानमंत्री के लिए जनता का जबरदस्त समर्थन देखने को मिला है। राहुल को 3करोड़ घुसपैठियों की चिंता है, हम एसआईआर पर विशेष सत्र बुलाने के लिए तैयार हैं। हम घुसपैठियों को चुन चुनकर देश से बाहर निकालेंगे। राहुल बेकार की बातों को छोड़कर संसद में आएं और सारी चर्चा कर लें। दोनों वे दे हाथ कर लेंगे।

सम्मेलन के दौरान गृहमंत्री शाह ने 1857 के विद्रोह के वीरों के सम्मान में अंबाला छावनी में निर्मित 'शहीद स्मारक' का उद्घाटन किया, जलवेहड़ा-शाहाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना का भी उद्घाटन किया।

कांग्रेस की अराजकता व तुष्टीकरण की राजनीति अब पूरी तरह एक्सपोज हो गई

लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ

करनाल में शाह ने किआ ऐलान



देश की जनता ने राहुल और इंडिया गठबंधन को नकार दिया

शाह ने कहा कि देश की जनता राहुल गांधी, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के साथ नहीं है। हमारी एक एक रैली में हजारों लोग होते हैं। आपने कांग्रेस की रैली तो देखी होगी।

बिना एसआईआर लगातार हार रहा गठबंधन

गृहमंत्री ने कहा कि राहुल को पता है कि वह हारने वाले हैं, इसीलिए अपनी हार के लिए वह चुनाव आयोग और एसआईआर प्रक्रिया को दोष देते हैं। 2014 में एसआईआर कहां था? तब भी तो आपका पूरी तरह से सफाया हो गया था। 2019 में एसआईआर कहां था? तब भी आप हार गए थे।

राहुल संसद चलने नहीं देते, मुद्दों पर चर्चा नहीं करते

शाह ने कहा कि लोकतंत्र में संसद चर्चा का सर्वोपरि स्थान है। राहुल संसद चलने नहीं देते हैं, मुद्दों पर चर्चा नहीं करते हैं। संसद में शोर-शराबा, बहिष्कार करने को कांग्रेस ने कल्चर बना दिया है। रोड पर भीड़ इकट्ठा करके अराजकता फैलानी है। कांग्रेस ने रैली के लिए एक नवंबर का दिन चुना। इस दिन 1984 में कांग्रेस ने सिख दंगे कराए। कत्ल हुए।

अंबाला में नवनिर्मित शहीद स्मारक का लोकार्पण किया

करनाल के बाद शाह अंबाला छावनी पहुंचे। यहां पर शहीद स्मारक का लोकार्पण किया। शाह ने सेक्टर-12 मॉल के पास से 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा शुरू की। सुरक्षा के मद्देनजर सड़क के दोनों तरफ केंद्रीय गृह मंत्री वहां से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ पैदल चले।

ये रहा राहुल का रिकॉर्ड

2007 में राहुल कांग्रेस के महासचिव बने, तब कांग्रेस के 1200 विधायक थे। जब उपाध्यक्ष बने, तो 900 विधायक रह गए। अध्यक्ष बने, तो इनके विधायकों की संख्या 700 रह गई। भारत जोड़ो यात्रा निकाली, तो वो और भी कम होकर 600 रह गए।

नवीन ने गोरखपुर में किया 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का नेतृत्व

2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा भी की



गोरखपुर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन वर्तमान में उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं। नवीन 4–5 नवंबर 2026 को दो दिवसीय संगठनात्मक दौरे पर गोरखपुर में रहे। वहां उन्होंने 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का नेतृत्व किया। उन्होंने योगी के साथ गोरखनाथ जाकर गुरु गोरखनाथ के दर्शन-पूजन किए। गोरखपुर में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ उन्होंने वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों और कोर कमेटी की बैठकों में हिस्सा लिया।

जौनपुर में बोले गडकरी

यहां का किसान अन्नदाता ऊर्जादाता बना



जौनपुर। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के किसान न केवल खाद्य उत्पादक होंगे, बल्कि बिजली, ईंधन, विमानन ईंधन और हाइड्रोजन के भी प्रदाता बनेंगे। उन्होंने कहा कि सीएमयोगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अंततः ऊर्जा निर्यातक राज्य बन सकता है। गडकरी ने मुंगरा बादशाहपुर में कहा कि हमारा किसान न केवल अन्नदाता होगा, बल्कि ऊर्जा, ईंधन, विमानन ईंधन और हाइड्रोजन ऊर्जा का भी प्रदाता होगा।

सूरत में मंत्री राय ने साधा निशाना

कांग्रेस भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति बनाना चाह रही



सूरत। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह चुनाव में हार के डर से भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा करने की कोशिश कर रही है और 'विदेशी आकाओं' के इशारे पर काम कर रही है। 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत संबद्धता सम्मेलन को संबोधित किया।

जयपुर में बोले मंत्री वैष्णव

राहुल सड़कों में फैसला कर रहे, अराजकता बढ़ा रहे



कसूरत। केंद्रीय रेल मंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जयपुर में भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के तहत पदयात्रा की। रामलीला मैदान में वैष्णव ने कहा, कांग्रेस लोकतंत्र पर हमले कर रही रही।वे कह रहे फैसले संसद में नहीं बल्कि सड़कों पर होंगे, जो अराजकता को बढ़ावा देता है।

राम माधव ने हैदराबाद मे की प्रेस कॉन्फ्रेंस

विपक्ष प्रधानमंत्री से मुकाबला करने में सक्षम नहीं



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम माधव ने हैदराबाद में भाजपा के राज्य कार्यालय (नांपाली) में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि वे चाहें तो सरकार विशेष सत्र बुलाकर सभी मुद्दों पर संसद में खुली बहस कर लें। वे प्रधानमंत्री से मुकाबला नहीं कर सकते।

यात्रा का राहुल पर तंज

संसद में 5-6 मिनट भी नहीं बैठ पाते, बहस क्या करेंगे?



भाजपा सांसद सौमित्र पात्रा ने राहुल की प्रधानमंत्री के साथ खुली बहस की चुनौती पर तंज कसा। उन्होंने कहा राहुल को संसद में बहस करनी चाहिए, न कि सड़कों पर। राहुल में संसद में लगातार 5-6 मिनट से ज्यादा बैठने का धैर्य नहीं है। जो संसद में 5-6 मिनट नहीं बैठ सकता, वह वहां बहस भी नहीं करना चाहेगा।

भाटिया ने मान सरकार पर साधा निशाना

आप 'प्रश्नपत्र लीक माफिया' को बचा रही



भाजपा प्रवक्ता प्रदाप भंडारी ने पंजाब में पीसीएस की मुख्य परीक्षा के नतीजों में कथित अनियमितता पर सत्तारूढ़ आप पर निशाना साधते हुए उस पर कुछ अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाने और प्रश्नपत्र लीक माफिया को बचाने का आरोप लगाया। मान सरकार पर बड़ा आरोप लगाया।

खबर संक्षेप

आजम की गिरफ्तारी याचिका हाईकोर्ट भेजी

नई दिल्ली। सपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खां की ईडी गिरफ्तारी का मामला



अब इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचेगा। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दी है। 16 नवंबर को हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच सुनवाई करे।

चावड़ी बाजार में इमारत ढही, 2 लोगों की मौत

नई दिल्ली। पुरानी दिल्ली के चावड़ी बाजार में एक निर्माणाधीन



तीन मंजिला इमारत का हिस्सा ढह गया। दमकल विभाग को सुबह 9 बजकर 50 मिनट पर इस घटना की सूचना मिली थी। हादसे के समय 12 मजदूर काम पर थे।

बेंगलुरु में फैक्ट्री स्वामी ने कर्मी की हत्या की

बेंगलुरु। यहां फैक्ट्री मालिक ने 24 साल के कर्मचारी की कथित तौर पर बैट से पीटकर हत्या कर दी, मृतक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में काम करता था। मालिक को बेटी से प्यार करता था।



खेड़ा ने अरुणाचल-मणिपुर पर शाह को घेरा

गृह मंत्रालय आपसे संभल नहीं रहा, कुर्सी से चिपके मत रहिए

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद पवन खेड़ा ने गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा है कि मोटा भाई, गृह मंत्रालय आपसे संभल नहीं रहा, तो कुर्सी से चिपके क्यों बैठे हैं? 7 साल में देश के 3 करोड़ घुसपैठिए नहीं संभल रहे।3 साल से मणिपुर नहीं संभल रहा। अब तो अरुणाचल प्रदेश भी नहीं संभल रहा। उन्होंने कहा, पुलवामा हुआ,पहलगाम हुआ, लाल किले पर धमाका हुआ,देश की राजधानी के बिल्कुल बगल में 300 किलो



आरडीएक्स मिला, आपके बस की नहीं है। छोड़ दीजिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनकर अपना मोबाइल सर्कस हैदराबाद से लेकर करनाल और देश के बाकी राज्यों में घुमाइए। गृह मंत्रालयका बेड़ा गर्क क्यों कर रहे हैं? उन्होंने तंज कसा कि बेचारे नितिन नवीन को आजाद कीजिए।

सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया

रेलवे मंत्रालय को पीएम सूर्य घर उत्कृष्टता पुरस्कार मिला

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

रेल मंत्रालय को गुरुवार को यहां भारत मंडपम में आयोजित 'नवीकरणीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 2026' में उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने प्रतिष्ठित 'पीएम सूर्य घर उत्कृष्टता पुरस्कार' प्रदान किया। मंत्रालय ने देशभर में छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 15,868 रेलवे इमारतों की पहचान की है।'अब तक कुल 12,495 इमारतों वाली चिह्नित इमारतों में से 79 प्रतिशत में छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा चुके हैं। मंत्रालय ने 424



मेगावाट के लक्ष्य के मुकाबले 351 मेगावाट क्षमता के छत आधारित सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर 77 केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों की ओर से चिह्नित 39,135 इमारतों में से अब तक 25,984 में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा चुके हैं।

बागी टीएमसी विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग

सीजेआई की पीठ ने दिए कई निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया इनकार उन्हें कलकत्ता हाई कोर्ट जाने को कहा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले टीएमसी गुट के एक नेता की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता ने पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश देने की मांग की थी कि वे बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने की याचिकाओं पर जल्द फैसला लें। सीजेआई सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने शोभनदेब चट्टोपाध्याय द्वारा दायर याचिका का निपटारा करते हुए उन्हें कलकत्ता हाई कोर्ट जाने का निर्देश दिया। पीठ ने कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से आग्रह किया कि वे इस मामले को सुनवाई के लिए डिवीजन बेंच (खंडपीठ) के समक्ष रखें।

डिवीजन बेंच जल्द फैसला ले

पीठ ने आदेश दिया, हमें लगता है कि याचिकाकर्ता को कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख करना चाहिए। हम इस स्तर पर इस याचिका का निपटारा करते हैं और याचिकाकर्ता को



हाई कोर्ट में उचित याचिका दायर करने की छूट देते हैं। हम हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करते हैं कि वे इस मामले को तत्काल विचार के लिए डिवीजन बेंच के समक्ष सूचीबद्ध करें और जल्द से जल्द इस पर फैसला लें। पीठ ने गौर किया कि विधानसभा अध्यक्ष से यह उम्मीद की जाती है कि वे 8 जुलाई को दायर अयोग्यता याचिकाओं पर 3 महीने के भीतर फैसला लें। चट्टोपाध्याय की ओर से पेश वकील ने कहा कि 5 माह में फैसला नहीं किया गया है।

चुनाव आयोग ने एसआईआर के संबंध में की अहम घोषणा

6 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में होगा एसएसआर

21 जनवरी को फाइनल वोटर लिस्ट जारी की जाएगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

चुनाव आयोग ने देश के 6 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्पेशल समरी रिवीजन (एसएसआर) कराने की घोषणा की है। इन राज्यों में पात्र नागरिकों को वोटर लिस्ट जोड़ा जाएगा, जिनके नाम अब तक शामिल नहीं हो पाए हैं। वहीं अगर किसी को सुधार की जरूरत है, तो उसके लिए भी ये प्रक्रिया सही होगी।राज्यों में 21 जनवरी को फाइनल वोटर लिस्ट जारी की जाएगी। एसएसआर अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, सिक्किम, चंडीगढ़ और दादरा एवं नगर हवेली एवं दमन एवं दीव में किया जाएगा, जहां एसआईआर पूरा हो चुका है।



राज्यों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश

प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि उसने छूटे हुए, युवा या पहली बार मतदान करने वाले पात्र मतदाताओं के नामांकन हेतु एक विशेष अभियान चलाने के निर्देश जारी किए थे। केंद्रों का पुनर्व्यवस्थापन 20 नवंबर तक होना चाहिए। ड्राफ्ट 30 नवंबर को प्रकाशित होगा। 30 नवंबर से 30 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज करने का समय होगा।

कई राज्यों ने भी हो रही एसएसआर

आयोग ने उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसएसआर का आदेश दिया था जहां एसआईआर पूरा हो चुका था। इसमें अंडमान और निकोबार, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, मणिपुर, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बंगाल हैं।

आयोग को हाई कोर्ट का झटका

10 दिन में फिर से जोड़ें नाम

एसआईआर पर छिड़े सियासी संग्राम के बीच बॉम्बे हाई कोर्ट की गोवा पीठ ने एक अहम फैसला दिया है। कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को आदेश दिया कि वह एक परिवार के उन 6 सदस्यों के नाम मतदाता सूची में शामिल करे, जिन्हें गोवा में एसआईआर के दौरान अंतिम मतदाता सूची से हटा दिया गया था। जस्टिस वाल्मीकि मेनेजेस और जस्टिस अमित जामसांडेकर की खंडपीठ ने गुरुवार को अपना फैसला सुनाया।

इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला

शक के आधार पर आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया जा सकता

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि राहुल गांधी निर्वाचित प्रतिनिधि हैं और उन्हें किसी समुदाय की चिंता उठाने का अधिकार है। अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर सवाल उठाना अपने आप में अपराध नहीं है। केवल शक के आधार पर आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। कोर्ट ने इस आधार पर सिखों के संबंध में दिए गए कथित बयान को लेकर राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान



की एकलपीठ ने फैसला सुनाया। तिलमापुर के पूर्व प्रधान नागेश्वर मिश्र ने याचिका दायर की थी। उनका आरोप था कि राहुल ने सितंबर 2024 में अमेरिका यात्रा के दौरान कर्जीनिया में कहा था कि भारत में सिखों के बीच असुरक्षा का माहौल है।

शादी की नीयत से 15 वर्षीय किशोरी को भगाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में गांव का ही एक युवक 15 वर्षीय किशोरी को शादी करने की नीयत से बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। काफी तलाश के बाद भी किशोरी का पता नहीं चलने पर उसकी मां ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव का ही रहने वाला अजय उनकी करीब 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को अपने प्रेमजाल में फंसा रहा था। आरोप है कि बीते सोमवार की रात अजय शादी करने की नीयत से उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर घर से अपने साथ ले गया। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, लेकिन किशोरी का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद मां ने रहीमाबाद थाने पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी और बेटी की सकुशल बरामदगी की मांग की। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि किशोरी की मां की तहरीर के आधार पर आरोपी अजय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

धर्मांतरण मामले में उमर गौतम और मौलाना कलीम सिद्दीकी को हाईकोर्ट से जमानत नहीं

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अवैध धर्मांतरण गिरोह मामले में दोषी ठहराए गए मौलाना कलीम सिद्दीकी और मोहम्मद उमर गौतम समेत आठ दोषियों की सजा के बाद जमानत अर्जी खारिज कर दी है। वहीं, आठ अन्य दोषियों को आपराधिक अपीलों के लंबित रहने तक जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की पीठ ने 16 आपराधिक अपीलों में दाखिल जमानत अर्जियों पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। कोर्ट ने उमर गौतम, कलीम सिद्दीकी समेत आठ दोषियों के विरुद्ध आरोपों को अत्यंत गंभीर प्रकृति का बताते हुए जमानत देने का उचित आधार नहीं पाया।

अश्लील वीडियो भेजकर युवती की शादी तुड़वाने की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

धोखे से बनाया था युवती का वीडियो, होने वाले पति को भेजकर रिश्ता बिगाड़ने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती का अश्लील वीडियो उसके होने वाले पति को भेजकर शादी तुड़वाने की कोशिश का मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले युवक ने धोखे से युवती का अश्लील वीडियो बना लिया था। शादी तय होने के बाद आरोपी ने वीडियो उसके होने वाले पति को भेज दिया। युवती के विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बृहस्पतिवार को आरोपी पंकज को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता के मुताबिक, गांव का ही रहने वाला पड़ोसी पंकज ने धोखे से उसका अश्लील वीडियो बना लिया था। युवती की शादी तय होने के बाद आरोपी ने रिश्ता तुड़वाने की नीयत से वीडियो उसके होने वाले पति को भेज दिया। वीडियो सामने आने के बाद दोनों परिवारों के बीच तनाव की स्थिति पैदा हो गई और शादी टूटने की नौबत आ गई। युवती ने जब आरोपी की इस हरकत का विरोध किया तो उसने जान से मारने की धमकी दी। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी पंकज को गिरफ्तार लिया गया है। युवती और आरोपी एक ही गांव में आसपास रहते हैं। मामले की जांच की जा रही है कि आरोपी ने युवती का वीडियो किस तरह बनाया और उसे उसके होने वाले पति तक कैसे पहुंचाया।

लाठी-डंडों से पिता को पीटा, बेटी से भी की अभद्रता, विरोध पर दी जान से मारने की धमकी

मलिहाबाद में दबंगों ने रास्ते में रोककर की मारपीट, पीड़िता की तहरीर पर तीन खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक व्यक्ति को रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से जमकर पीट दिया। आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंची उसकी बेटी के साथ भी आरोपियों ने अभद्रता और छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपियों ने पिता-पुत्री को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार की शाम करीब पांच बजे उसके पिता हसीब मजदूरी करके घर लौट रहे थे। रास्ते में काकोरी थाना क्षेत्र के पलिया निवासी अहमद अली और महिला के गांव निवासी सिराज व कलीम ने अपने दबंगई के बल पर उन्हें रोक लिया। आरोप है कि तीनों ने पुरानी रंजिश को लेकर उनके पिता से गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी आरोपियों ने एकराय होकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और उन्हें बेरहमी से पीटने लगे। मारपीट में उनके पिता के शरीर पर कई जगह चोटें आईं। पीड़िता के मुताबिक, घटना की जानकारी मिलने पर जब वह मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ भी अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार किया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसे और उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

हरौनी निवासी अभिषेक सिंह चौहान लापता, परिजनों ने लोगों से तलाश में मदद की अपील की

अमन लेखनी समाचार

संवाददाता - शुभम सिंह चौहान



लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के हरौनी निवासी अभिषेक सिंह चौहान (30 वर्ष) के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों के अनुसार, अभिषेक 4 नवंबर 2026 को काम के सिलसिले में लखनऊ के चौक क्षेत्र जाने की बात कहकर घर से निकले थे। बताया गया कि वह उस दिन बाइक से नहीं, बल्कि ऑटो या ई-रिक्शा से यात्रा कर रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे से 3 बजे के बीच उनका मोबाइल फोन अचानक बंद हो गया। इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका है। अभिषेक सिंह चौहान की उम्र लगभग 30 वर्ष, निवासी ग्राम हरौनी, लखनऊ उत्तर प्रदेश, कद लगभग 5 फुट 7 इंच, वजनः करीब 100 किलोग्राम, पहचान चश्मा और दाढ़ी है। परिजनों ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को अभिषेक सिंह चौहान के संबंध में कोई जानकारी मिले या वे कहीं दिखाई दें, तो तत्काल मोबाइल नंबर 112 या बंथरा पुलिस को सूचना दें। आपकी एक छोटी-सी सूचना किसी परिवार को उसका बिछड़ा हुआ सदस्य वापस दिला सकती है। कृपया इस खबर को अधिक से अधिक शेयर करें, ताकि अभिषेक की तलाश में मदद मिल सके।

मांस तस्करी के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

रहीमाबाद पुलिस ने तरौना मोड़ के पास से दबोचा, एक आरोपी अभी फरार

अमन लेखनी समाचार




आरोपी इस्लामुद्दीन – फोटो

लखनऊ। रहीमाबाद पुलिस ने मांस तस्करी के मामले में फरार चल रहे एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरदोई जनपद के संडीला थाना क्षेत्र के मुन्नू खेड़ा गांव निवासी इस्लामुद्दीन (36) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, बीते सोमवार को रहीमाबाद थाना क्षेत्र के रुसेना गांव निवासी भूपेंद्र अर्कवंशी ने पुलिस को तहरीर देकर सूचना दी थी कि एक ओमनी वैन से भारी मात्रा में मांस ले जाया जा रहा है। मामले में पुलिस ने वाहन चालक मोहम्मद फैजूल समेत रिजवान, इस्लामुद्दीन और इरशाद के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने मंगलवार को रिजवान और फैजूल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि इस्लामुद्दीन और इरशाद फरार चल रहे थे। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर रहीमाबाद पुलिस ने रेलवे क्रॉसिंग के पास घेराबंदी कर तरौना मोड़ से वांछित इस्लामुद्दीन को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। वहीं, मामले में फरार चल रहे मलिहाबाद कस्बे के चौधराना निवासी इरशाद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

चोरों ने पोल्ट्री फार्म संचालक के घर को बनाया निशाना, लाखों का माल किया पार

अमन लेखनी समाचार



चोरों ने सेंध लगाकर की चोरी

लखनऊ। बीती रात शातिर चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए दीवार में सेंध लगाकर घर में दाखिल होकर हजारों की नकदी व लाखों के जेवरात पार कर फरार हो गए। पीड़ित पोल्ट्री फार्म संचालक है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के रुसेना निवासी खलील अहमद बुधवार रात को परिवार के साथ भोजन कर सभी सदस्य सो गए। देर रात अज्ञात शातिर चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए मकान के पीछे की दीवार पर सेंध कर घर में दाखिल होकर 20 हजार नगदी समेत पत्नी और बहू के 6 लाख रुपये के जेवरात लेकर फरार हो गए। घर के लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। सुबह खेत जा रहे गांव के एक व्यक्ति ने देखा कि खलील के घर की दीवार में सेंध लगी है। उसके बाद उसने घर वालों को इसकी सूचना दी। यह सुनकर घर वाले दंग रह गए घर वालों ने इधर-उधर तलाश की तो 100 मीटर दूरी पर राजू पंडित के खेत में खाली बक्शे व जरूरी दस्तावेज व कुछ कपड़े पड़े मिले घर वालों ने इसकी सूचना रहीमाबाद पुलिस को दी सूचना पर फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाये पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी व सर्विसलांस की मदद से चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

बस सीज होने के बाद यार्ड में घंटों फंसे बिहार के यात्री, बच्चे-बुजुर्ग परेशान



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पीजीआई क्षेत्र की वृंदावन योजना सेक्टर-9 स्थित यार्ड में एआरटीओ ने हरियाणा से बिहार जा रही सवारियों से भरी डग्गामार बस सीज कर दी। इसके बाद बस में सवार महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग घंटों यार्ड में फंसे रहे। यात्रियों के लिए दूसरी बस का इंतजाम नहीं किया गया। यात्रियों के मुताबिक, पानीपत से बिहार जा रही बस में सफर के लिए प्रत्येक व्यक्ति से करीब दो हजार रुपये किराया लिया गया था। आरोप है कि टिकट के बजाय सफेद कागज की पर्ची दी गई और सामान का अलग से पैसा वसूला गया। यात्रियों का आरोप है कि बस चालक पहले उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने का आश्वासन देता रहा, लेकिन बाद में फरार हो गया। वहीं, बस सर्विस के एजेंटों ने भी फोन बंद कर लिया। त्योहार पर घर पहुंचने की उम्मीद लेकर निकले यात्रियों को घंटों धूल में बैठकर इंतजार करना पड़ा। परिवहन विभाग की कार्रवाई के बाद यात्रियों को उनके हाल पर छोड़ने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

पुलिसकर्मियों की छुट्टियों पर 17 नवंबर तक रोक, डीजीपी ने दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। त्योहारों को देखते हुए डीजीपी राजीव कृष्ण ने यूपी में सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां 17 नवंबर तक कैंसिल कर दी हैं, उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियों पर रोक के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि त्योहारों में कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर यह फैसला लिया गया है।

डीजीपी ने आदेश में कहा है कि दिवाली और छठ के त्योहार पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। डीजीपी के आदेश के अनुसार सामान परिस्थितियों में किसी भी पुलिस अधिकारी या कर्मचारी को अवकाश नहीं दिया जाएगा। किसी पुलिसकर्मी को इमरजेंसी में छुट्टी की आवश्यकता होती है तो संबंधित अधिकारियों से छुट्टी की मंजूरी ले सकता है।

डीजीपी ने सभी पुलिस कर्मियों को अलर्ट पर रहने का निर्दश दिया है। डीजीपी ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि त्योहारों पर पुलिस गश्ती बढ़ाई जाए। डीजीपी ने सभी एडीजी, पुलिस आयुक्त, आईजी व डीआईजी रेंज, जिलों में तैनात एसएसपी व एसपी को निर्देश जारी किए हैं। ब्ध्यान रहे कि त्योहारों को देखते हुए कुछ दिन पहले ही डीजीपी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस अफसरों के साथ बैठक की थी। इस दौरान डीजीपी ने सुरक्षा प्रबंधों की तैयारी, यक्ष एप की कार्यवाही, लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, थाना स्तर पर आने वाली जनशिकायतों के निस्तारण, गाण्डीव पोर्टल के प्रयोग, गुमशुदा बच्चों की बरामदगी व जेडएफडी/आरटीसी की समीक्षा की थी।

आधार कार्ड को वोटरलिस्ट से जोड़ा जाये : अखिलेश

सपा अध्यक्ष ने नेताओं से मतदाता सूची को लेकर सतर्क रहने की दी हिदायत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र के खिलाफ लगातार साजिश करने में जुटी है। लोकतंत्र को खत्म करने के लिए तरह-तरह के हथकंड़े अपना रही है। मतदाता सूची के एसआईआर के बाद अब निर्वाचन आयोग फार्म-6 के जरिए भाजपा के मतदाताओं की संख्या बढ़ाने की साजिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड को वोटरलिस्ट से जोड़ा जाए। आधारकार्ड मेटल का बनाया जाए जिससे उसका डुप्लीकेट न बन सके। आधार कार्ड को बायोमेट्रिक के जरिए मतदाता सूची से जोड़ा जाना चाहिए। इससे चुनावी धांधली और वोट चोरी पर रोक लगेगी।

पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में गुरूवार को डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची को लेकर सतर्क और सावधान रहना है। भाजपा फर्जी वोट बढ़वाने की कोशिश करेगी। फर्जी वोट बनने से रोकना है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी को लेकर जनता आक्रोशित है लेकिन निर्वाचन आयोग को कोई परवाह नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सत्ता के संरक्षण में रैलियां, पदयात्रा निकाल कर अराजकता पैदा कर रही है। भाजपा की अराजकता से व्यापारी, छात्र, आम जनता सभी परेशान है। भाजपा ने पूरी व्यवस्था चौपट कर दी है। उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया है।

ब्रज क्षेत्र को हेरिटेज के रूप में विकसित किया जायेगा



लखनऊ। श्री बांके बिहारी मंदिर, वृंदावन के गोस्वामी समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में भेंट की। उन्होंने अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्वकाल में वृंदावन-मथुरा में हुए विकास कार्यों के प्रति आभार जताया। अखिलेश यादव ने भरोसा दिलाया कि वृंदावन को परम्परा और प्रगति के समन्वय से नया रूप दिया जाएगा। ब्रज क्षेत्र को हेरिटेज के रूप में विकसित किया जाएगा तथा मंदिर सरकारीकरण से मुक्त होंगे। वृंदावन को ए-ग्रेड नगर पालिका का स्थान मिलेगा। गोस्वामी समाज के प्रतिनिधिमंडल में रजत गोस्वामी, गोपेश गोस्वामी, आभास गोस्वामी तथा देव गोस्वामी शामिल थे। इस अवसर पर डॉ. अशोक अग्रवाल और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी भी मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि ब्रजमंडल में वृंदावन की विशेषता है कि प्रकृति ने इसे अनोखा सौंदर्य प्रदान किया है। कुंज गली, गोवर्धन पर्वत तथा अन्य धार्मिक स्थलों का विकास कर इस क्षेत्र को विश्वस्तरीय रूप दिया जा सकता है। अखिलेश यादव ने उनके सुझावों पर गौर किया और सरकार बनने पर हर क्षेत्र और हर स्तर पर प्राथमिकता से विकास का भरोसा दिलाया।

होटल के बाथरूम में नस काटकर आत्महत्या

लखनऊ। नाका क्षेत्र स्थित होटल के बाथरूम में एक व्यक्ति ने कलाई की नस काटकर आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया।

पुलिस के अनुसार नाका थाना क्षेत्रान्तर्गत चारबाग स्थित 'होटल शीला' में विगत चार दिनों से ठहरे एक व्यक्ति के कमरे के दरवाजे के नीचे से पानी बाहर निकलने तथा काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बावजूद दरवाजा न खोलने की सूचना प्राप्त हुई थी।

प्राप्त सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा कमरे का दरवाजा खुलवाकर अंदर प्रवेश किया तो बाथरूम में एक व्यक्ति गंभीर अवस्था में पड़ा मिला, जिसके हाथ की नस कटी हुई थी तथा बाथरूम में खून फैला हुआ था। पुलिस ने उस व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

प्रारम्भिक जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सुनील (43) पुत्र सुंदर लाल प्रसाद, निवासी ककरघट्टा खास, पोस्ट मनिकापुर, थाना मनियर, जनपद बलिया के रूप में हुई है। मौके पर पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराई गई तथा घटनास्थल को सुरक्षित करते हुए साक्ष्य संकलन के लिए फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाया गया। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई।

ई-रिक्शा पलटा दबकर किशोरी की मौत

लखनऊ। चिनहट थाना क्षेत्र में गुरुवार को फैजाबाद रोड स्थित आदर्श ढाबा के सामने ई-रिक्शा पलटने से उसमें बैठी किशोरी की मृत्यु हो गई है। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर जानकारी हुई। कि बैटरी रिक्शा पर प्लाई लदी हुई थी, जिस पर प्रियंका (16) पुत्री महेंद्र निवासी आदर्श एंक्लेव गेट, सेमरा, थाना चिनहट अपनी बहन निशा के साथ कमता की तरफ जा रही थी। आदर्श ढाबा के सामने अचानक बैटरी रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें लदी प्लाई नीचे गिरने लगी। इस दौरान प्रियंका के बचने के दौरान प्लाई उसके ऊपर गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

राज्य सरकार कमजोर वर्गों की सामाजिक सुरक्षा करेगी सुनिश्चित : धामी

सीएम धामी ने 10 लाख पेंशनधारकों के खातों में डीबीटी से भेजी 148.18 करोड़ रुपये

अमन लेखनी समाचार



देहरादून। त्योहार से पहले प्रदेश के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारकों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अक्टूबर माह की पेंशन राशि जारी की। मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 9 लाख 99 हजार 484 लाभार्थियों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 148 करोड़ 18 लाख 84 हजार 500 रुपये हस्तांतरित किए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की विकास योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी सार्थक होता है, जब उनका लाभ समाज के जरूरतमंद और वंचित वर्गों तक पहुंचे। वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन जैसी योजनाएं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को नियमित सहायता देने के साथ उन्हें आत्मसम्मान के साथ जीवन व्यतीत करने का अवसर प्रदान करती हैं। सरकार इन वर्गों की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील है और उनकी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शी बनाने के लिए तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। डीबीटी प्रणाली के माध्यम से सहायता राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचने से वितरण व्यवस्था अधिक विश्वसनीय बनी है। इससे अनावश्यक देरी और बिचौलियों की संभावना भी समाप्त हुई है। मुख्यमंत्री ने पेंशन योजनाओं के दायरे में अधिकाधिक पात्र लोगों को शामिल करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि आधार और दस्तावेजों की उपलब्धता नहीं होने के कारण कुछ जरूरतमंदों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या के समाधान के लिए केंद्र सरकार के साथ समन्वय कर विशेष व्यवस्था की गई है। इसके तहत करीब सात हजार पात्र लाभार्थियों को आधार कार्ड के अभाव में भी निर्धारित नियमों के अनुसार पेंशन उपलब्ध कराई जा रही है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेंशन वितरण में नियमितता और पारदर्शिता बनाए रखी जाए। किसी भी पात्र व्यक्ति को तकनीकी अथवा प्रशासनिक औपचारिकताओं के कारण योजना के लाभ से वंचित न होना पड़े।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली से पहले पेंशन की धनराशि उपलब्ध कराने का प्रयास इसी भावना का हिस्सा है, ताकि त्योहार के दौरान जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहूलियत मिल सके। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी पेंशनधारकों और उनके परिवारों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैयादूज की बधाई देते हुए सुख, शांति और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री खजान दास, अपर सचिव विक्रम यादव, निदेशक जनजाति कल्याण संजय टोलिया, संयुक्त सचिव धीरेंद्र सिंह, संयुक्त निदेशक गीताराम नौटियाल और सहायक निदेशक हेमलता पाण्डेय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पीड़ित परिवार से मिलीं अपर्णा, दिया न्याय का भरोसा

लखनऊ। सआदतगंज थाना क्षेत्र के ब्राह्मण टोला में 24 अक्टूबर की सुबह हुए ट्रिपल मर्डर के पीड़ित परिवार से गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव मिलने पहुंचीं। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी और न्याय का भरोसा दिलाया। इस दौरान मृतक शिवाजी तिवारी की पत्नी ऊषा तिवारी और शिवेंद्र की पत्नी रुचि तिवारी समेत परिवार के अन्य सदस्यों ने हाथ जोड़कर अपनी आपबीती सुनाई और न्याय की गुहार लगाई। अपर्णा यादव ने कहा कि पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा है। वह अपनी तरफ से पूरा प्रयास करेंगी कि मुख्यमंत्री परिवार से मुलाकात करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री न्याय के प्रति प्रतिबद्ध हैं। परिवार की मांगों और समस्याओं को उनके सामने रखा जाएगा। अपर्णा यादव ने परिवार की बच्ची की पढ़ाई में मदद का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि बच्ची जिस स्कूल में पढ़ती है, वहां उसकी फीस माफी के लिए वह अपनी तरफ से प्रयास करेंगी।

दिलप्रीत ने संभाला क्षेत्रीय अध्यक्ष का पदभार

लखनऊ। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनस साजिद उस्मानी के अवध क्षेत्र कार्यालय, लखनऊ पर प्रथम आगमन के अवसर पर स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। यह जानकारी पूर्व सह मीडिया प्रभारी अवध क्षेत्र सतबीर सिंह राजू ने दी।



श्री राजू ने बताया कि कार्यक्रम क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा, अवध क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष सरदार दिलप्रीत सिंह ने निवर्तमान क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहम्मद नईम के माध्यम से विधिवत पदभार ग्रहण किया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी ने नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष सरदार दिलप्रीत सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा अल्पसंख्यक मोर्चा को अवध क्षेत्र में और अधिक सक्रिय एवं विस्तारित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अनस साजिद उस्मानी ने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा संगठन की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आपसी समन्वय और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्य करें।

नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष सरदार दिलप्रीत सिंह ने सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी से करेंगे। उनका प्रयास रहेगा कि सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर अवध क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाया जाए।

पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस महानिदेशक यूपी से की भेंट

लखनऊ। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूएनआईसीईएफ) तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (यूएनडीएसएस) के प्रतिनिधियों के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश राजीव कृष्णा से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में डॉ. जकारिया एडम (बेनिन), प्रमुख, (यूएनआईसीईएफ) उत्तर प्रदेश कार्यालय तारा प्रसाद, (यूएनआईसीईएफ) एलियास लेगेसे (इथियोपिया), सुरक्षा सलाहकार, (यूएनडीएसएस) विल्फिन विन्सेंट, (यूएनडीएसएस) तथा सुश्री रानी कुमारी (यूएनडीएसएस) शामिल रहे। डॉ. जकारिया एडम (यूएनआईसीईएफ) के उत्तर प्रदेश कार्यालय के प्रमुख हैं। उन्हें लगभग 27 वर्षों का अनुभव है।

संक्षेप

महिला के साथ की मारपीट दर्ज हुआ एसीएक्ट का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अंतर्गत ग्राम कलानी की रहने वाली एक महिला के साथ मारपीट और धमकी देने के मामले में पुलिस ने हरिजन एक्ट सहित गंभीर धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के कलानी निवासिनी रानी पत्नी राजू पासवान, ने तहरीर देकर बताया कि 31 अक्टूबर शाम गांव के ही वालीम पुत्र नवीबक्स उर्फ गोले ने उन्हें जातिसूचक गालियां दीं, लाठी-डंडों से मारा-पीटा, जिससे उसके सिर में चोट आई। साथ ही, किसी भी प्रकार की कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। थानाप्रभारी राहुल सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर हरिजन एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

महिला के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बालाकटरी में जमीन के बँटवारे के विवाद युवती और उसके माता-पिता के साथ मारपीट करने तथा गंदी-गंदी गालियाँ जान से मारने की धमकी ग्राम बालाकटरी निवासी कोमल यादव पुत्री इन्द्रेश कुमार ने थाने में तहरीर दिया कि गाँव के ही कुछ लोग जमीन के बँटवारे को लेकर रंजिश मानते हुए उनके घर आ धमके नीरज पुत्र श्री विजयनारायण द्विवांशू पुत्र दयानारायण, गुरुनारायन पुत्र मनऊ और कृष्ण नारायण पुत्र मनऊ मेरे माता-पिता के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने लात-घूंसों से हमला कर दिया और मारपीट की, जिससे शरीर में गंभीर चोटें आई हैतहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया

दबंगो ने दरवाजे पर आकर की मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र में नशे की हालत में दरवाजे पर आकर गाली-गलौज का विरोध करने पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी पीडित ने पुलिस को दो लोगों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव बौनामऊ निवासी रामदास ने पुलिस को दी गयी बताया कि परिवारिक राधे व भोला नशे की हालत में दरवाजे पर आकर वे वजह गाली-गलौज करने लगे जब मना किया तो लाठी डंडे से पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से निकल गए इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि पीडित की तहरीर दो लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का समापन मां पार्वती व भगवान शिव की कथा का सुनाया प्रसंग

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव।गौरी बीघापुर में आयोजित सात दिवसीय शिवदीप शिवमहापुराण कथा का अंतिम दिन आध्यात्मिक चेतना और भक्ति के नाम रहा।कथा व्यास भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने शिव भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि भाग्य बदलने के लिए कठिन कर्म आवश्यक है। गुरु और ईश्वर का आशीर्वाद प्रेरणा देता है, लेकिन कर्म आगे-आगे चलता है और आशीर्वाद उसके पीछे अनुसरण करता है।

?मां पार्वती और भगवान शिव के संवाद का उल्लेख करते हुए पंडित प्रदीप मिश्रा ने दो व्यापारियों की कथा सुनाई।उन्होंने समझाया कि केवल गुरु के आशीर्वाद से सिद्धि नहीं मिलती, बल्कि निरंतर परिश्रम ही सफलता दिलाता है। जिस प्रकार कुएं से बाहर निकलने का प्रयास कर रहे बहरे मेंढक ने आलोचनाओं और शोर की परवाह किए बिना अपना लक्ष्य प्राप्त किया, उसी तरह मनुष्य को भी पैर खींचने वाली दुनिया को अनसुना कर अपने कर्म पथ पर बढ़ते रहना चाहिए।

कथा व्यास ने तीन प्रमुख बातों पर विशेष बल दिया पहला बेटी का विवाह धनवान के बजाय संस्कारवान परिवार में करें, जहाँ उसे सम्मान मिले। दूसरा धन का दान ऐसे व्यक्ति को न दें जो उसका दुरुपयोग या नशा करे व तीसरा गाय की सेवा स्वयं करें या ऐसे स्थान पर दें जहाँ उसकी पूरी देखभाल हो सके। गौशालाओं में जाकर सेवा करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। मुख्य आयोजक अरुण सिंह व उनके परिवार के संस्कारों की सराहना करते हुए पंडित मिश्रा ने कहा कि बुजुर्गों के मार्गदर्शन से ही परिवार में धर्म और सेवा का भाव आता है।इसके साथ ही उन्होंने सात दिनों तक निष्ठापूर्वक व्यवस्था संभालने वाले जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सफाईकर्मियों, पुलिस बल तथा समाचार को जन-जन तक पहुँचाने वाले प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का धन्यवाद किया।कथा के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि पंडित प्रदीप मिश्रा जी सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार का अद्भुत कार्य कर रहे हैं और शिव आराधना से संपूर्ण समाज का कल्याण होता है।कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता, 'नर सेवा नारायण सेवा' के संस्थापक विमल द्विवेदी, नक्षत्र भान सिंह, राहुल सिंह, सुंदरलाल बाजपेई, योगेश बाजपेई, मनीष जायसवाल सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।कथा के दौरान पंडित मिश्रा ने श्रद्धालुओं के पत्र पढ़कर सुनाए। इनमें कानपुर की पुष्पा अवस्थी (30 वर्ष बाद भाई को संतान प्राप्ति), प्रमिला दुबे (पुत्र सचिन दुबे का असिस्टेंट कमिश्नर पद पर चयन), शाहजहांपुर की सरोज सिंह और सोनी कश्यप के रोगमुक्त होने के पत्र प्रमुख रहे, जिन्होंने शिव आराधना के चमत्कारिक प्रभाव को रेखांकित किया।

पीएम सूर्यघर योजनाः जनपद को प्रदेश में 8वां स्थान, लक्ष्य से 10% ज्यादा लगे सोलर प्लांट

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में उन्नाव जिले ने प्रदेश में आठवां स्थान हासिल किया है। अक्टूबर महीने में तय लक्ष्य से 10 फीसदी ज्यादा सोलर प्लांट लगाए गए हैं। योजना की प्रगति को लेकर गुरुवार को विकास भवन सभागार में जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में यूपीनेडा के परियोजना प्रभारी ने बताया कि मार्च 2027 तक जिले में 18,783 सोलर संयंत्र लगाने का लक्ष्य है। अक्टूबर में 1,209 संयंत्र लगाए गए, जो लक्ष्य का 110 प्रतिशत है।बैठक में आन्या वेंचर्स सोलर पावर के प्रोपराइटर मनीषा यादव और फील्ड ऑपरेशन मैनेजर भीम शंकर त्रिपाठी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने आन्या वेंचर्स के काम की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने कम समय में बेहतर प्रदर्शन किया है और ग्राहकों की संतुष्टि का विशेष ध्यान रखा है। समीक्षा के दौरान बैंकों में लंबित ऋण आवेदनों और विद्युत विभाग से जुड़े मामलों पर चर्चा हुई। डीडीओ ने बैंक अधिकारियों को लंबित ऋण पत्रावलियों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी काम में तेजी लाने को कहा। इस मौके पर सोलर संयंत्र लगवाने वाले लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र और उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति-पत्र दिए गए।जिला विकास अधिकारी देवेश चतुर्वेदी ने चंद्रभूषण सिंह, शैलेंद्र कुमार, आशुतोष सिंह, हिमांशु शर्मा, मोहम्मद अंश, अवधेश समेत कई लाभार्थियों को प्रशस्ति-पत्र दिया। बैठक में परियोजना अधिकारी नेपाल सिंह, आरके गौतम, जनपद के सभी अधिशासी अभियंता, विद्युत विभाग के अधिकारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी व सोलर वेंडर मौजूद रहे।

डीसीएम की टक्कर से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के ललऊखेड़ा के पास गुरुवार भोर में हुए हादसे में 25 वर्षीय सुजीत की मौत हो गई। वह बोलेरो के पास खड़े होकर दोस्त से बात कर रहा था, तभी पीछे से आई डीसीएम ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।मृतक सुजीत पुत्र रामस्वरूप, शिवसिंह खेड़ा का रहने वाला था और ड्राइवरी का काम करता था। परिजनों के मुताबिक हादसे के बाद डीसीएम चालक को पकड़ लिया गया है।सुजीत के चाचा आलोक कुमार ने बताया कि वे लोग सिकंदरपुर की ओर जा रहे थे। गदनखेड़ा बाईपास के पास सड़क किनारे रुके थे, तभी पीछे से आए डीसीएम ने सुजीत को टक्कर मार दी।



आलोक के मुताबिक सुजीत अविवाहित था। परिवार में उसकी मां और दो छोटी बहनें हैं, वह दोनों बहनों का इकलौता भाई था। परिजनों ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और सुजीत ही घर का इकलौता सहारा था। परिवार ने सरकार से आर्थिक मदद की मांग की है। पुलिस हादसे को लेकर कार्रवाई कर रही है।

बागेश्वर धाम सेवा समिति के सदस्यों ने दीपावली पर गरीबों को बांटे उपहार

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। दीपावली पर्व पर हर घर में खुशियां पहुंचाने के उद्देश्य से बागेश्वर धाम सेवा समिति शिष्य एवं सुंदरकांड मंडल उन्नाव की ओर से सराहनीय पहल की गई। समिति के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने क्षेत्र के गरीब, विधवा और जरूरतमंद परिवारों को दीपावली से पहले उपहार और मिठाई भेंट की। समिति के इस प्रयास से जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली।समिति के अध्यक्ष अजय ठाकुर ने बताया कि दीपावली खुशियों और आपसी प्रेम का पर्व है। ऐसे में समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग के लोगों के साथ त्योहार की खुशियां साझा करना सभी की जिम्मेदारी है।इसी उद्देश्य से समिति ने चिह्नित परिवारों तक पहुंचकर उन्हें उपहार और मिठाई भेंट की, जिससे वह भी उत्साह के साथ दीपावली का पर्व मना सकें।उन्होंने बताया कि समेत कई गांवों के चिह्नित परिवारों को उपहार वितरित किए गए।इस दौरान समिति के उपाध्यक्ष अंकित गुप्ता, महामंत्री वैभव गुप्ता, सह सचिव मेथीटीकुर, लूटापुर, साफियापुर, परियर, मरौंदा, नरहरपुर, खाखारमऊ, गौरी, सालेहनगर करौंदी और बम्हना देवराज, कोषाध्यक्ष राजू स्वर्णकार, अनूप कुमार, प्रशांत गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुआ विवाद प्रधान के परिवार पर हमला

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में सड़क पर खड़ी गाड़ी को हॉर्न बजाने को लेकर हुए विवाद में ग्राम प्रधान के परिवार पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि चमरौली गांव के पास दबंगों ने गाड़ी रोककर महिलाओं समेत परिवार के लोगों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। घटना में कई लोग घायल हो गए।

ग्राम प्रधान पाली माया देवी अपने परिवार के साथ कथा सुनकर गाड़ी से वापस लौट रही थीं। इसी दौरान चमरौली गांव के पास सड़क पर खड़ी एक गाड़ी को हटाने के लिए हॉर्न बजाने पर विवाद हो गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि प्रवीण कुमार उर्फ पिंटू, रिंकू पुत्र स्वतंत्र कुमार, लालू पुत्र कमता प्रसाद, करन पुत्र लालू, अजीत पुत्र मुन्नीलाल, गोलू पुत्र मुन्नीलाल समेत दो अज्ञात लोगों ने उनकी गाड़ी रोक ली और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

मारपीट में सावित्री देवी पत्नी जालीपा प्रसाद, शीला पत्नी मनीष कुमार, रोशनी पत्नी अनुज कुमार और रोहन कुमार पुत्र रंजीत समेत कई लोगों को चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने अजगैन कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली निरीक्षक तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

बच्चों के संपूर्ण विकास में शिक्षा के साथ साथ खेलों का भी महत्वपूर्ण स्थान

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता गौरा कनिगांव खेल मैदान, मियागंज में खण्ड शिक्षा अधिकारी मनीन्द्र कुमार के निर्देशन में आयोजित की गई।क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक बम्बा लाल दिवाकर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पांडेय द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवथाना, कंपोजिट विद्यालय हैदराबाद एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहा कला के छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत के साथ अन्य मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर विधायक बंबालाल दिवाकर ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है, खेलों से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और एक स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है इसलिए सरकार द्वारा भी खेलकूद को निरंतर बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे है। कार्यक्रम में मौजूद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों के संपूर्ण विकास में शिक्षा के साथ साथ खेलों का भी महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी विजेता है और आप सभी आज यहां से जीत कर जाएंगे। प्रतियोगिता में प्राथमिक एवम उच्च प्राथमिक स्तर पर छात्र छात्राओं की अलग अलग खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें 100 मीटर प्रथमिक स्तर बालक वर्ग में कंपोजिट कनिगांव के हर्ष सिंह, बालिका वर्ग में कंपोजिट कनिगांव की ही छात्रा प्रिया ने बाजी मारी। 200 मीटर दौड़ में भी कनिगांव के छात्र विजेता रहे।इसी प्रकार कबड्डी जूनियर स्तर बालक वर्ग में कंपोजिट कनिगांव और बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक प्राथमिक विद्यालय कुल्हा का दबदबा रहा। खो खो, गोला फेंक में भी कंपोजिट विद्यालय कनिगांव के छात्र छात्रा अव्वल रहे। इस प्रकार खेलकूद प्रतियोगिता में आसीवन न्याय पंचायत प्रथम स्थान पर रही। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र छात्राओं को विधायक द्वारा मेडल एवम प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया । कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों में संजय सिंह, करम सिंह,कृष्ण शंकर मिश्र, अरविंद सिंह,शिवकुमार तिवारी अविनाश तिवारी, विमलेश सोनवानी, करुण कुशवाहा,सचिन सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, रामेंद्र, हिमांशु एवम महिला संगठन से सोनू सिंह, सुजाता सिंह, इत्यादि मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजन में राशि, पुष्पलता, आशा, शिवानी, अजय सिंह, सौरभ सिंह, कपिल, कुलदीप, सतीश, अजीजुर्रहमान, अमित शर्मा, गोपाल का विशेष योगदान रहा। निर्णायक मंडल में ब्लॉक व्यायाम शिक्षक प्रवीण कुमार, रवि रावत, विपिन कुमार, नैमिष, रणंजय, द्वारा पारदर्शी एवम निष्पक्ष तरीके से प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्णायक / प्रशिक्षक एवम खेल प्रभारियों को मोमेंटो और फूलमाला से सम्मानित किया गया तथा सभी को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

कैंसर से पीड़ित वृद्धा ने फांसी लगाकर दी जान, परिवार में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन कस्बे में कैंसर से पीड़ित 75 वर्षीय वृद्धा ने घर के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह उनका शव कमरे में लटका मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अजगैन कस्बा निवासी स्व. प्रेमशंकर की पत्नी विनोदनी (75) काफी समय से कैंसर से पीड़ित थीं। उनका लखनऊ में इलाज चल रहा था। उनके तीन बेटे कृष्ण गोविंद, कृष्ण माधव और शिवकेशव शुक्ला हैं। शिवकेशव अपनी मां को अपने साथ रखकर उनका इलाज करा रहे थे। बुधवार शाम विनोदनी खाना खाने और दवा लेने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई थीं। गुरुवार सुबह काफी देर तक कमरे से बाहर न आने पर परिजनों ने जाकर देखा तो उनका शव पंखे से लटका मिला। यह देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



स्कूटी सवार को बचाने में बाइक सवार युवक गिरकर घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में गुरुवार की दोपहर मियागंज कस्बा में स्कूटी सवार को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से युवक गभींर रुप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के मियागंज के मोहल्ला इमामबाडा निवासी रोहित पुत्र राम बिलास 21 किसी काम से जाने के लिए बाइक से निकला था इसी बीच ब्लाक मुख्यालय के गेट के पास अचानक स्कूटी सवार सामने आ गया जिसे बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी जिससे बाइक सवार युवक का पैर फैक्चर हो गया जिसे इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बीमारी से तंग आकर युवक ने निगला जहर इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के दयाल खेड़ा गांव निवासी कमलेश (26) पुत्र रामभजन काफी दिनों से बीमारी से पीड़ित था जिसका इलाज सीएचसी से चल रहा था। मंगलवार रात को बीमारी के चलते घर में रखा जहर निगल लिया था। जिसके बाद परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे थे प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई मौत की सूचना गांव पहुंचते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था जो अविवाहित था। परिजनों ने बुधवार को अंतिम संस्कार कर दिया।

धनतेरस को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। दीपावली के पावन पर्व से पहले धनतेरस को लेकर नगर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। बांगरमऊ के प्रमुख बाजारों में सुबह से ही खरीदारी करने वालों की आवाजाही शुरू हो गई है। जैसे-जैसे धनतेरस का त्योहार नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे बाजारों में ग्राहकों की भीड़ भी बढ़ती जा रही है। दुकानों पर सजी आकर्षक वस्तुएं और रंग-बिरंगी सजावट लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। पूरे नगर में दीपावली और धनतेरस को लेकर उत्साह तथा उल्लास का माहौल दिखाई दे रहा है। धनतेरस के अवसर पर विशेष रूप से सराफा बाजार, बर्तन बाजार, इलेक्ट्रॉनिक दुकानों और वाहन शोरूमों में ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिल रही है। लोग अपनी सामर्थ्य के अनुसार सोने-चांदी के आभूषण, चांदी के सिक्के, पूजा के बर्तन, पीतल और स्टील के बर्तन तथा घरेलू उपयोग की विभिन्न वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं। वहीं इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर एलईडी टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, मोबाइल फोन और अन्य घरेलू उपकरणों को लेकर भी ग्राहकों में उत्साह दिखाई दे रहा है।

दूसरी ओर मिट्टी के दीपक, लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं, पूजा सामग्री, रंगोली के रंग, झालर, बिजली की रंग-बिरंगी लाइटें और दीपावली की सजावट से संबंधित सामान की दुकानों पर भी काफी चहल-पहल है। कुम्हारों द्वारा तैयार किए गए मिट्टी के दीयों की मांग भी बढ़ रही है। लोग अपने घरों को सजाने और दीपावली को यादगार बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की सजावटी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं। धनतेरस को लेकर दुकानदारों ने भी विशेष तैयारियां की हैं। बाजारों में दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा ग्राहकों की सुविधा के लिए विभिन्न प्रकार के सामान उपलब्ध कराए गए हैं। व्यापारियों को उम्मीद है कि इस बार धनतेरस और दीपावली के अवसर पर बाजार में अच्छा कारोबार होगा। त्योहार के चलते छोटे-बड़े सभी व्यापारियों के चेहरों पर खुशी दिखाई दे रही है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार धनतेरस का पर्व भगवान धन्वंतरि की जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और कुबेर की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। मान्यता है कि धनतेरस पर शुभ वस्तुओं की खरीदारी करने से घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। इसी आस्था के चलते लोग इस दिन कुछ न कुछ नया सामान अवश्य खरीदते हैं।धनतेरस के मद्देनजर बांगरमऊ के मुख्य बाजारों और प्रमुख मार्गों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने से बाजार गुलजार नजर आ रहे हैं। दुकानदारों को उम्मीद है कि धनतेरस के साथ-साथ दीपावली तक खरीदारी का सिलसिला जारी रहेगा। त्योहार के इस माहौल में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कुल मिलाकर धनतेरस के पर्व ने बांगरमऊ के बाजारों की रौनक में चार चांद लगा दिए हैं। चारों ओर खरीदारी की चहल-पहल, दुकानों की आकर्षक सजावट और दीपावली की तैयारियों ने नगर को पूरी तरह त्योहार के रंग में रंग दिया है।

गांव में 40 परिवारों को मकान खाली करने का नोटिस, ग्रामीणों में आक्रोश

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के मरहा गांव में करीब 40 परिवारों को मकान खाली करने का नोटिस मिलने से हड़कंप मच गया है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर जारी इस नोटिस के बाद ग्रामीणों ने गुरुवार को प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल खड़े किए।ग्रामीणों का कहना है कि वे और उनके पूर्वज लगभग 100 साल से गांव में रह रहे हैं। उनके मकान पूर्वजों के समय के बने हुए हैं। अगर मकान हटाए गए तो उनके पास रहने के लिए कोई दूसरी जगह नहीं है। इस मामले का एक लाइव वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें ग्रामीण अपनी परेशानी बयां कर रहे हैं।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के एक प्रधान प्रतिनिधि ने निजी स्वार्थ के चलते करीब 40 परिवारों को इस कार्रवाई की जद में लाने की कोशिश की है। ग्रामीणों का कहना है कि वे मजदूरी कर परिवार चलाते हैं, मकान हटने पर बच्चों और बुजुर्गों समेत पूरे परिवार को खुले में रहना पड़ेगा। उन्होंने सवाल उठाया कि कई पीढ़ियों से गांव में रहने के बावजूद अब उन्हें अतिक्रमणकारी बताकर नोटिस क्यों दिया जा रहा है।नोटिस से परेशान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और क्षेत्रीय विधायक बृजेश कुमार रावत से हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने और मकानों को बचाने की अपील की है।ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि भविष्य में वे ऐसे जनप्रतिनिधि को नहीं चुनेंगे जो जनता के हितों की बजाय निजी स्वार्थ को तवज्जो देता हो। फिलहाल सभी 40 परिवार अपने आशियाने को बचाने के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

तीन साल से न्याय न मिलने पर अर्धनग्न होकर डीएम कार्यालय पहुंचा पिता, प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे एक व्यक्ति अर्धनग्न हालत में शिकायत लेकर डीएम कार्यालय पहुंच गया। उसने पुलिस और प्रशासन पर तीन साल से न्याय न देने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंचे एसडीएम ने उसकी शिकायत सुनी।शुक्लागंज निवासी अखिलेश शुक्ला ने बताया कि उनका नाबालिग बेटा कानपुर के सेंट्रल एंड सी स्कूल में पढ़ता था। आरोप है कि वहां बेटे के साथ यौन उत्पीड़न किया गया और धर्मांतरण कराने की कोशिश हुई। अखिलेश के मुताबिक, तीन साल तक परेशान होने के बाद इस मामले में मुकदमा दर्ज हो सका। उन्होंने एसपी को शपथपत्र और प्रार्थनापत्र दिए थे, लेकिन गंगाघाट थाने में हुई जांच में इन दस्तावेजों को शामिल नहीं किया गया।अखिलेश ने हरदोई जिले के संडीला कोतवाली में प्रभारी इंस्पेक्टर अनुराग सिंह के खिलाफ दर्ज एक अन्य मुकदमे की जांच पर भी सवाल उठाए। उनके अनुसार, जनवरी में दर्ज इस मुकदमे की जांच के दौरान उन्होंने दो शपथपत्र, मोबाइल नंबर, बैंक खाते से जुड़ी जानकारी और अन्य दस्तावेज पुलिस को सौंपे थे। आरोप है कि जांच में इनका जिक्र नहीं किया गया और मामले में फाइनल रिपोर्ट लगा दी गई। उन्होंने थाने में जमा की गई पेन ड्राइव गायब करने का भी आरोप लगाया और कहा कि इस संबंध में उनके पास वीडियो रिकॉर्डिंग है।अखिलेश ने पत्नी से जुड़े एक अन्य मामले का भी जिक्र किया। उनके मुताबिक, पत्नी को धक्का दिए जाने के मामले में एनसीआर दर्ज हुई थी, लेकिन पुलिस ने उसमें भी फाइनल रिपोर्ट लगा दी। उनका आरोप है कि शिकायत में दर्ज लिखावट और हस्ताक्षर उनकी पत्नी के नहीं हैं। उन्होंने इसकी एफएसएल से जांच कराने की मांग की थी, लेकिन जांच नहीं कराई गई। अखिलेश ने कानपुर और उन्नाव पुलिस पर कथित धर्मांतरण गिरोह को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनका परिवार तीन साल से परेशान है और अब तक सिर्फ आश्वासन मिला है। डीएम कार्यालय में एसडीएम से बातचीत के बाद भी उन्होंने कहा कि जब तक आरोपों पर ठोस कार्रवाई नहीं होगी, तब तक आश्वासन का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने सभी मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

सम्पादकीय

ट्रंप को दुनिया में उथल पुथल मचाने की सजा

दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे ताकतवर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिका की ताकत का जिस तरह इस्तेमाल किया, उससे वैश्विक व्यवस्था में स्थिरता के बजाय अनिश्चितता और टकराव बढ़ा है। कभी युद्ध की धमकी, कभी सैन्य कार्रवाई, कभी व्यापारिक प्रतिबंध तो कभी सहयोगी देशों को टैरिफ लगाने की चेतावनी। ट्रंप की विदेश नीति में कूटनीति और सहमति के मुकाबले दबाव और एकतरफा फैसलों को अधिक महत्व मिला। अब अमेरिकी मिडटर्म चुनाव में उनकी रिपब्लिकन पार्टी का सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों में बहुमत गंवाना उनकी नीतियों और कार्यशैली पर जनता की नाराजगी का बड़ा संकेत है। ईरान के साथ अमेरिका और इजरायल का युद्ध इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। परमाणु कार्यक्रम और सुरक्षा चिंताओं के नाम पर शुरू हुआ सैन्य टकराव लंबा खिंच गया। इसके परिणाम केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहे। खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई, कच्चे तेल की कीमतों और परिवहन लागत पर दबाव बढ़ा तथा दुनिया के अनेक देशों में महंगाई की चिंता गहराई। अमेरिका में भी पेट्रोल और रोजमर्रा की वस्तुओं की बढ़ती कीमतें मतदाताओं के असंतोष का कारण बनीं। वेनेजुएला के मामले में भी ट्रंप प्रशासन की कार्यशैली सवालों के घेरे में रही। किसी संप्रभु देश के राष्ट्रपति को सैन्य अभियान के जरिए हटाना और उसके संसाधनों में अमेरिकी हितों की खुली बात करना अंतरराष्ट्रीय कानून, संप्रभुता और दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की सीमाओं पर गंभीर बहस पैदा करता है। इजराइल और गाजा के मामले में भी ट्रंप की नीति विरोधाभासों से घिरी रही। उन्होंने युद्धविराम और शांति खोजने के प्रयास किए, लेकिन गाजा में हिंसा पूरी तरह नहीं रुकी। दूसरी ओर, इजराइल को अमेरिकी सैन्य सहायता और हथियारों की आपूर्ति जारी रखने की नीति ने वाशिंगटन में भी सवाल खड़े किए। रूस-यूक्रेन युद्ध के मामले में भी ट्रंप की नीति में निरंतरता का अभाव दिखाई दिया। कभी 24 घंटे में युद्ध समाप्त कराने का दावा, कभी यूक्रेन पर समझौते के लिए दबाव और कभी रूस के प्रति नरम रुख के संकेत। इससे यूरोपीय सहयोगियों के बीच अमेरिकी प्रतिबद्धता को लेकर चिंता बढ़ी। नाटो और पारंपरिक मित्र देशों के साथ भी ट्रंप का टकरावपूर्ण रवैया भरोसे को प्रभावित करता रहा। भारत समेत कई व्यापारिक साझेदारों को अमेरिकी शुल्क और आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ा। ट्रंप का तर्क रहा कि इससे अमेरिकी उद्योग और रोजगार को संरक्षण मिलेगा, लेकिन आयात महंगा होने का बोझ अंततः अमेरिकी उपभोक्ताओं और कारोबारियों पर भी पड़ता है। व्यापारिक रिश्तों को सहयोग के बजाय दबाव का माध्यम बनाने से वैश्विक निवेश और आपूर्ति शृंखलाओं में अनिश्चितता बढ़ी। मिडटर्म चुनाव में डेमोक्रेट्स को दोनों सदनों में बहुमत मिलना इसी व्यापक असंतोष को राजनीतिक अभिव्यक्ति है। अब विपक्ष को ट्रंप प्रशासन की नीतियों की जांच, सैन्य कार्रवाई पर सवाल और आर्थिक फैसलों की समीक्षा करने का अधिक अवसर मिलेगा। लोकतंत्र में राष्ट्रपति की शक्ति जनता की सहमति और संवैधानिक संस्थाओं की निगरानी से संचालित होती है। ट्रंप को समझना होगा कि अमेरिका की ताकत का अर्थ दुनिया को अपनी शर्तों पर चलाना नहीं है। युद्ध, व्यापार और कूटनीति में दबाव के बजाय संवाद, भरोसे और साझेदारों को प्राथमिकता देनी होगी। दुनिया को महाशक्ति की मनमानी नहीं, जिम्मेदार नेतृत्व की जरूरत है।

धनतेरस: आरोग्य, समृद्धि और आध्यात्मिक चेतना का महापर्व



लेखक- कुंवर शील वर्धन प्रताप नारायण सिंह पत्रकार

हिंदी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ

भारतीय संस्कृति में धन की सार्थकता उसके संचय में नहीं, बल्कि उसके सदुपयोग में; जीवन की सार्थकता उसकी दीर्घता में नहीं, बल्कि उसके आरोग्य एवं सदाचार में; और उत्सव की सार्थकता बाह्य आडंबर में नहीं, बल्कि अंतःकरण की निर्मलता में निहित है। धनतेरस इसी उदात्त जीवन-दर्शन का पावन पर्व है। यह वह सांस्कृतिक वेला है, जब दीपावली के मंगलोत्सव का प्रथम आलोक घर-आंगन में उतरता है और भारतीय जनमानस आरोग्य, ऐश्वर्य, आयु तथा सुख-समृद्धि की मंगलकामना से अनुप्राणित हो उठता है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मनाया जाने वाला यह पर्व केवल स्वर्ण, रजत अथवा नवीन वस्तुओं के क्रय का अवसर नहीं, बल्कि जीवन के वास्तविक धन को पहचानने का आध्यात्मिक आमंत्रण है। भगवान धन्वंतरि के अमृतकलश में आरोग्य का संदेश, माता लक्ष्मी की उपासना में श्रम और सदाचार से अर्जित समृद्धि का आदर्श तथा यमदीपदान में जीवन के प्रति अटूट आस्था का प्रकाश समाहित है। इस पर्व की अंतर्ध्वनि मानो उद्घोष करती है कि स्वस्थ शरीर, संतुष्ट मन, सदाचारी आचरण और संवेदनशील समाज से बढ़कर कोई संपदा नहीं। जब धन के साथ धर्म, समृद्धि के साथ सेवा और आस्था के साथ विवेक का समन्वय होता है, तभी जीवन में वास्तविक मंगल का अवतरण होता है। धनतेरस की पौराणिक महत्ता का सर्वाधिक मनोहारी आधार क्षीरसागर के समुद्र मंथन का आख्यान है। श्रीमद्भागवत महापुराण और विष्णु पुराण सहित विभिन्न पौराणिक ग्रंथों में वर्णित इस प्रसंग में देवताओं और असुरों द्वारा अमृत की प्राप्ति के लिए किए गए मंथन का विस्तृत वर्णन मिलता है। महर्षि दुर्वासा के शाप के कारण देवताओं का ऐश्वर्य और तेज क्षीण हो गया था। पराजित एवं शक्तिहीन देवताओं ने भगवान विष्णु की शरण ग्रहण की। भगवान ने उन्हें असुरों के साथ मिलकर क्षीरसागर का मंथन करने और उससे प्राप्त अमृत के माध्यम से सामर्थ्य पुनः प्राप्त करने का उपाय बताया। मंदराचल पर्वत को मथानी और वासुकि नाग को नेती बनाकर समुद्र मंथन आरंभ हुआ। भगवान विष्णु ने कूर्मावतार धारण कर मंदराचल को अपनी पीठ पर धारण किया, जिससे मंथन की प्रक्रिया निर्बाध चल सके। समुद्र मंथन से क्रमशः अनेक दिव्य रत्नों और विभूतियों का प्राकट्य हुआ। लक्ष्मी, ऐरावत, उच्चैःश्रवा, कौस्तुभ मणि तथा अन्य दिव्य पदार्थों के साथ अमृत की प्राप्ति की अभिलाषा ने देवताओं और असुरों को निरंतर मंथन के लिए प्रेरित किया। इसी पौराणिक परंपरा में भगवान धन्वंतरि का प्राकट्य विशेष महत्त्व रखता है। वे अमृतकलश धारण किए हुए प्रकट हुए और आयुर्वेद की दिव्य परंपरा के अधिष्ठाता के रूप में प्रतिष्ठित हुए। उनके प्राकट्य का स्मरण धनतेरस पर आरोग्य और दीर्घजीवन की मंगलकामना से किया जाता है। समुद्र मंथन का यह आख्यान प्रतीकात्मक रूप से यह भी बताता है कि जीवन में अमृत की प्राप्ति के लिए मंथन अनिवार्य है। जैसे समुद्र से अमृत प्राप्त करने के लिए देवताओं और असुरों को श्रम करना पड़ा, वैसे ही जीवन में स्वास्थ्य, ज्ञान और समृद्धि की प्राप्ति के लिए अनुशासन, परिश्रम तथा निरंतर साधना आवश्यक है। भगवान धन्वंतरि का प्राकट्य भारतीय चिकित्सा परंपरा के गौरव का भी स्मरण कराता है। आयुर्वेद में स्वास्थ्य को केवल रोगों की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि शरीर, इंद्रियों, मन और आत्मा के संतुलित एवं प्रसन्न स्वरूप से जोड़ा गया है। आहार-विहार की मर्यादा, ऋतुचर्या, स्वच्छता, संयम और प्रकृति के साथ सामंजस्य स्वस्थ जीवन के प्रमुख आधार माने गए हैं। आज जब अनियमित दिनचर्या, मानसिक तनाव और जीवनशैली से संबंधित रोग मानव समाज के सामने गंभीर चुनौती बन रहे हैं, तब धन्वंतरि की आरोग्यपरक चेतना और भी प्रासंगिक हो उठती है। उनके प्रति श्रद्धा का वास्तविक अर्थ केवल पूजन-अर्चन नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति उत्तरदायित्व, चिकित्सा के प्रति जागरूकता और जीवन में संयम का समावेश है। आरोग्य ही वह आधार है, जिस पर मनुष्य अपने पारिवारिक दायित्वों, सामाजिक कर्तव्यों और आध्यात्मिक साधना का निर्वहन कर सकता है। धनतेरस की सांस्कृतिक चेतना का दूसरा महत्त्वपूर्ण पक्ष माता लक्ष्मी की उपासना है। समुद्र मंथन के पौराणिक आख्यान में देवी लक्ष्मी के प्राकट्य को ऐश्वर्य, सौंदर्य, सौभाग्य और मंगल का प्रतीक माना गया है। देवी लक्ष्मी के हाथों में कमल उनकी निर्मलता और वैभव के बीच अनासक्ति का बोध कराता है। उनका पूजन इस विश्वास की अभिव्यक्ति है कि समृद्धि का स्थायी निवास वहीं होता है, जहां परिश्रम का सम्मान, सदाचार का पालन और संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग होता है। लक्ष्मी की आराधना का अर्थ केवल धन की प्राप्ति की कामना करना नहीं, बल्कि धन को धर्मसम्मत मार्ग से अर्जित करने और उसका उपयोग लोककल्याण में करने का संकल्प भी है। अन्याय, छल और शोषण से प्राप्त संपत्ति बाहरी वैभव तो दे सकती है, किंतु अंतःकरण को शांति प्रदान नहीं कर सकती। भारतीय जीवन-दर्शन में लक्ष्मी और नारायण की संयुक्त अवधारणा इसी तथ्य की ओर संकेत करती है कि ऐश्वर्य का संबंध धर्म और मर्यादा से विच्छिन्न नहीं होना चाहिए। धनतेरस पर स्वर्ण, रजत, धातु के पात्र और नवीन घरेलू वस्तुएं खरीदने की परंपरा इसी मंगलभावना की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति है। किंतु वर्तमान उपभोक्तावादी परिवेश में इस परंपरा का विवेकपूर्ण निर्वाह आवश्यक है। उत्सव की सार्थकता अनावश्यक खर्च अथवा आर्थिक प्रदर्शन में नहीं, बल्कि सामर्थ्य के अनुरूप आवश्यक वस्तुओं की खरीद, स्थानीय कारीगरों के प्रोत्साहन और परिश्रम से अर्जित धन के सदुपयोग में है। सच्ची समृद्धि वस्तुओं की अधिकता से नहीं, बल्कि संतुलित आवश्यकताओं, आर्थिक अनुशासन और संतोषपूर्ण जीवन से पुष्ट होती है। इस पर्व की एक अन्य महत्त्वपूर्ण परंपरा यमदीपदान है। लोकमान्यता के अनुसार, कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी की संध्या को घर के बाहर दीप प्रज्वलित कर यमराज से परिवार के सदस्यों की मंगलकामना की जाती है। इससे संबद्ध एक प्रचलित कथा राजा हेम के पुत्र से जुड़ी है। कथा के अनुसार, ज्योतिषीय गणना में राजकुमार की मृत्यु विवाह के चौथे दिन सर्पदंश से होने की आशंका व्यक्त की गई थी। नियत समय आने पर उसकी पत्नी ने अपने पति की रक्षा का संकल्प लिया। उसने घर के द्वार पर स्वर्णाभूषणों और आभूषणों का ढेर लगा दिया, असंख्य दीप प्रज्वलित किए और रात्रि भर गीत-संगीत के माध्यम से जागरण करती रही। जब यमराज सर्प के रूप में वहां पहुंचे, तो दीपों की आभा और स्वर्णाभूषणों की चमक से उनकी दृष्टि विचलित हुई। वे राजकुमार के प्राण नहीं ले सके और रात्रि व्यतीत होने पर लौट गए। इस प्रकार राजकुमार का जीवन सुरक्षित रहने की कथा लोकमानस में प्रचलित हुई। यद्यपि यह आख्यान लोकपरंपरा में विभिन्न रूपों में मिलता है, किंतु इसका मूल संदेश आशा, सजगता, प्रेम और मंगलकामना की महत्ता में निहित है। यमदीपदान मृत्यु के भय के बीच जीवन के प्रति श्रद्धा और प्रकाश के प्रति विश्वास का प्रतीक बन जाता है। धनतेरस का सामाजिक एवं पारिवारिक पक्ष भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है। घरों की स्वच्छता, दीपों की सज्जा, परिजनों का मिलन और परस्पर शुभकामनाओं का आदान-प्रदान इस पर्व को आत्मीयता प्रदान करते हैं। भारतीय संस्कृति में धन की सर्वोच्च सार्थकता दान, सेवा और परोपकार से जुड़ी है। यदि इस अवसर पर संपन्न परिवार जरूरतमंदों की सहायता करें, रोगियों की सेवा करें, निर्धन बच्चों की शिक्षा में योगदान दें और श्रमिकों के श्रम का सम्मान करें, तो उत्सव का प्रकाश समाज के वंचित वर्गों तक भी पहुंच सकता है। समृद्धि तभी मंगलकारी होती है, जब वह केवल व्यक्ति अथवा परिवार तक सीमित न रहकर समाज के व्यापक कल्याण का माध्यम बने।

वस्तुतः धनतेरस आरोग्य, समृद्धि और आध्यात्मिक चेतना का ऐसा महापर्व है, जो मनुष्य को जीवन के वास्तविक धन की पहचान कराता है। भगवान धन्वंतरि का अमृतकलश स्वास्थ्य का संदेश देता है, माता लक्ष्मी की आराधना धर्मसम्मत समृद्धि का आदर्श प्रस्तुत करती है और यमदीपदान जीवन के प्रति आशा तथा मंगलकामना का आलोक प्रज्वलित करता है। इस पर्व की वास्तविक सार्थकता तभी सिद्ध होगी, जब हमारे घरों के साथ-साथ विचारों में भी स्वच्छता हो, धन के साथ विवेक हो, समृद्धि के साथ संवेदना हो और आस्था के साथ लोककल्याण की भावना जुड़ी हो। दीपावली का प्रथम दीप तभी अपने उद्देश्य को पूर्ण करेगा, जब उसका प्रकाश अभाव, अज्ञान, अस्वस्थता और सामाजिक संवेदनहीनता के अंधकार को दूर करने का संकल्प बने। यही धनतेरस का सनातन संदेश, भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक गरिमा और समृद्ध जीवन की वास्तविक आधारशिला है।

मंथन

पंकज चतुर्वेदी



ग्रीन पटाखे : पर्यावरण का सच या नया छलावा

बीते एक दशक से दिल्ली एनसीआर में दीपावली और खुशियों के बीच अदालत के बारूद आतिशबाजी खड़ी हो जाती है। इसमें कोई शक नहीं कि दिवाली नजदीक आते ही सांसों पर संकट छा जाता है, लेकिन यह भी कड़वा सच है कि दिल्ली और उसके आसपास वायु प्रदूषण तो पूरे साल रहता है और शहर के लोग अपनी आदतें बदलने की जगह कभी आतिशबाजी तो कभी पराली के सर दोष मढ़ते रहते हैं। उच्चतम न्यायालय ने इस साल भी कड़ा संदेश दे दिया कि दूसरों के जीवन की कीमत पर आतिशबाजी छोड़ने की छूट नहीं दी जा सकती है। कोर्ट ने केवल दो दिन के लिए कुछ घंटों के लिए ग्रीन- क्रेकर या पर्यावरण- मित्र आतिशबाजी की अनुमति दी है। वैसे पिछले कई सालों से दीपावली पर अदालत के आदेश धुएं में उड़ते दिखते हैं, वहीं ग्रीट-पटाखे "गुड़ खाकर गुलगुले से परहेज करने" जैसे हैं। जिन कारणों से आतिशबाजी पर पूरे पाबंदी की बात होती है, ये ग्रीन पटाखे उन मानदंडों पर बस उन्नीस ही रहते हैं। एक बात समझ लें कि भले ही उनका नाम "ग्रीन पटाखा " है लेकिन सच यह है कि ग्रीन पटाखे भी उतने "ग्रीन" नहीं जितना नाम से लगता है। सामान्य पटाखों में बैरियम नाइट्रेट, सल्फर, एल्युमिनियम और पोटेशियम नाइट्रेट जैसे रसायन होते हैं जो जलने पर जहरीली गैसें छोड़ते हैं। ग्रीन पटाखों में इन्हीं रसायनों की मात्रा कम रखी जाती है या कुछ जगह उनके स्थान पर कम हानिकारक यौगिकों का इस्तेमाल किया जाता है। इन्हें भारत सरकार की वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान सीएसआईआर और नीरी अर्थात 'वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान' ने विकसित किया था, ताकि पारंपरिक पटाखों से 30 प्रतिशत तक कम प्रदूषण हो। ग्रीन पटाखे तीन किस्म के विकसित किए गए थे। पहली श्रेणी है 'स्वास' या 'सेफ वाटर रिलीजर'। ये जलने पर जल वाष्प छोड़ते हैं, जो धूल के कणों को दबाने में मदद करता है। इसमें सल्फर और पोटेशियम नाइट्रेट का उपयोग नहीं होता। 'स्टार' को ' सेफ थरमाईट क्रेकर' कहा जाता है।

इनमें पोटेशियम नाइट्रेट और सल्फर नहीं होता। ये कम शोर के साथ पीएम कणों को कम उत्सर्जित करते हैं। तीसरे तरह की 'सफल' आतिशबाजी यानि 'सेफ मिनिमम एल्युमियम' में पारंपरिक पटाखों में इस्तेमाल एल्युमीनियम की मात्रा को काफी कम रखा जाता है, या मैग्नीशियम जैसे विकल्प का उपयोग होता है। चूंकि इस तरह की आतिशबाजी को बनाना थोड़ा महंगा होता है सो अधिकांश बाजार माफ लेबल लगाकर पारंपरिक आतिशबाजी बेचता है। विदित हो कि साल 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने पारंपरिक पटाखों पर रोक लगाकर केवल "ग्रीन पटाखों" को अनुमति दी थी। तभी से असल बाजार में जो पटाखे बिक रहे हैं, उनमें से ज्यादातर नकली या बिना प्रमाणित हैं। यानी नीयत बनी, पर निगरानी नहीं हुई। यदि रासायनिक सम्मिश्रण की बात की जाए तो ग्रीन पटाखों में भले बैरियम न हो, लेकिन अमोनियम और एल्युमिनियम यौगिकों के जलने से निकलने वाले सूक्ष्म धात्विक कण बरकरार हैं। ये कण शरीर के भीतर जाकर फेफड़ों में सूजन, सिरदर्द और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं बढ़ाते हैं। कथित ग्रीन पटाखे में पोटेशियम नाइट्रेट, अमोनियम नाइट्रेट और एल्युमिनियम पाउडर का इस्तेमाल होता है और इनके जलने से भी नाइट्रोजन ऑक्साइड और एल्युमिनियम ऑक्साइड उत्सर्जित होते हैं जो फेफड़ों, आंखों और त्वचा के लिए हानिकारक हैं। विदित हो अमोनियम नाइट्रेट कई देशों में विस्फोटक पदार्थ के रूप में प्रतिबंधित है; इससे अमोनिया और नाइट्रस ऑक्साइड हैं। कोई भी दहन-आधारित प्रक्रिया, जिसमें पटाखों का जलना शामिल है, कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसों का उत्सर्जन करती है। ग्रीन पटाखों में भी दहन के लिए जिस सामग्री का इस्तेमाल होता है, उससे कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रस ऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जित होती ही है, हां कहा जा सकता है कि पारम्परिक आतिशबाजी से कोई 30 फीसदी कम। यही नहीं पिछले कुछ वर्षों में हुए परीक्षणों में पाया गया

अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई



संकलित

दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि असक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है।

गुरु नानक जी के आशीर्वाद का रहस्य



संकलित

प्रेरणा

एक बार गुरु नानक देव जी अपने शिष्यों के साथ एक ऐसे गांव में पहुंचे जहां के लोग साधु-संन्यासी लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। गुरु नानक जी जहां गए तो उनसे भी वहां के लोगों ने ऐसा ही व्यवहार किया। जब वो परेशान होकर उस गांव से जाने लगे तो गांव के लोगों ने कहा कि, महात्माजी कुछ आशीर्वाद तो देते जाइए। गुरु नानक थोड़ी देर तक हंसते रहे फिर बोले, खूब आबाद रहो। इसके बाद वो आगे बढ़ गए। इस बीच कुछ गांव के लोग भागते हुए वहां पहुंचे। सभी उनकी सेवा करने लगे। उन्होंने फिर से गुरुनानक जी से आशीर्वाद मांगा। तब उन्होंने कहा: सभी उजड़ जाओ। गुरु नानक के ऐसे अटपटे आशीर्वाद से परेशान होकर एक व्यक्ति ने उनसे पूछा: महात्मा जी ! जिन लोगों ने अतिथि धर्म का तिरस्कार किया उन्हें आपने आबाद रहने का और जो लोग आपकी सेवा में आए उन्हें उजड़ने का आशीर्वाद क्यों दिया। गुरु नानक जी ने उस व्यक्ति से कहा कि: सज्जन व्यक्ति जहां जाता है वो वहां अपनी अच्छाइयों को ले जाता है। यह दुर्जन से बेहतर होता है। इसलिए, मैंने पहले जब वो दुर्जन थे तो उन्हें एक जगह आबाद रहने का आशीर्वाद दिया और जब वो सज्जन बन गए और मेरे पास आशीर्वाद लेने आए तो मैंने उन्हें उजड़ने वाली समाज में अच्छाई फैलाने का आशीर्वाद दिया।

अंतर्मन



आज की पाती

देश-दुनिया में बढ़ रही बेरोजगारी की समस्या

बेरोजगारी की समस्या हमारे देश के लिए ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के लिए चुनौती बन रही है, क्योंकि इसका एक तो मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या और दूसरा मशीनीकरण है। जनसंख्या जिस हिसाब से बढ़ रही है, उस हिसाब से नौजवान अवसर नहीं खोज रहे हैं। फैक्टरी, कंपनी, खेत या अन्य किसी भी जगह पर किस काम को कौन लोग करते थे, अब उसी काम को मशीन द्वारा एक ही व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है। ऐसे में लाजिमी है कि देश-दुनिया में बेरोजगारी की समस्या बढ़ती जाए।

-मनोज जोशी, बिलासपुर

ट्रेंड

छत्तीसगढ़ नक्सल-मुक्त



दावों का तो कोई अंत नहीं है, लेकिन अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

पंजाब में नशा



- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

बीजेपी की बी-टीम



- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

सेकंड टूर ऑफ ड्यूटी



-परवेश साहिब सिंह, पेशेवर नेता, दिल्ली

करंट अफेयर

ब्रिटेन में भारतीय छात्रों को बढ़ावा देने नया समझौता

ब्रिटेन में भारतीय छात्रों के एक प्रमुख संगठन और लंदन मेट्रोपॉलिटन विश्वविद्यालय ने छात्रों के शैक्षणिक सफर, रोजगार के अवसरों, अंतरराष्ट्रीय सिख्या और नीतिगत सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता किया है। नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनी यूनियन (एनआईएसयू) यूके ने बताया कि आमतौर पर लंदन मेट के नाम से लोकप्रिय इस विश्वविद्यालय के साथ पिछले सप्ताह हाउस ऑफ लार्डस पॉरसर में आयोजित एक समारोह में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।



ऑफ बीट

उपग्रहों का शोर दूरबीनों और जीपीएस को कर रहा बाधित

एक दशक से भी कम समय पहले पृथ्वी की कक्षा में करीब 2,000 सक्रिय उपग्रह थे। आज इनकी संख्या बढ़कर 15,000 से अधिक हो गई है। आने वाले समय में लाखों और उपग्रह भेजने की योजना है। इन उपग्रहों से पैदा होने वाली 'अंतरिक्ष आपत्ति' की समस्या पर काफी चर्चा हुई है। लेकिन एक दूसरी समस्या पर बहुत कम ध्यान दिया गया है। इन उपग्रहों से निकलने वाला रेडियो शोर उन दूरबीनों को प्रभावित कर रहा है, जो ब्रह्मांड को समझने में हमारी मदद करती हैं। इससे जीपीएस को सही ढंग से काम करने में मदद देने वाले माप भी गलत हो रहे हैं। राहत की बात यह है कि इस समस्या को ठीक करने का एक तरीका है



संक्षेप

तिलोई में 271 जोड़ों का विवाह हुआ

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 261 जोड़ों ने हिंदू रीति-रिवाज से शादी की, 10 जोड़ों का निकाह हुआ

अमेठी ,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 5 नवंबर 2026 को अमेठी के तिलोई में 271 जोड़ों का विवाह कराया गया। समारोह राजा विश्वनाथ शरण इंटर कॉलेज में हुआ।इनमें 261 जोड़ों ने हिंदू रीति-रिवाज से शादी की, जबकि 10 जोड़ों का निकाह हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बेटियों की शादी में मदद देती है।कार्यक्रम में तिलोई ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सिंहपुर ब्लॉक प्रमुख अंकित पासी, बहादुरपुर ब्लॉक प्रमुख रामकली और प्रधान संघ अध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी मौजूद रहे।जिलाधिकारी शशांक चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, तिलोई के उपजिलाधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी और जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए।तिलोई, बहादुरपुर और सिंहपुर के खंड विकास अधिकारियों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

विरोध के बाद इफको केंद्र का शटर बंद

जगदीशपुर में खाद लेने पहुंचे किसान लौटे खाली हाथ, दो दिन से लगा रहे चक्कर

जगदीशपुर ,इफको खाद लेने के लिए किसानों की कतार लगी रही। कई किसानों को खाद नहीं मिली और वे खाली हाथ लौट गए। यह केंद्र कोयलारा मुबारकपुर के पूरे हरिलाल तिवारी चौराहे पर क्रय-विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड, जाफरगंज में है। रबी की खेती के बीच किसान यहां खाद लेने पहुंचे थे।किसानों का आरोप है कि वे घंटों कतार में खड़े रहे, जबकि कुछ लोगों को बिना लाइन लगाए खाद दी जा रही थी। किसानों ने इसका विरोध किया तो केंद्र का शटर बंद कर दिया गया। किसान रमेश कुमार मिश्रा ने बताया कि वे सुबह खाद लेने पहुंचे थे, लेकिन उन्हें दोपहर में आने को कहा गया। दोपहर में लौटने पर अगले दिन आने की बात कहकर वापस भेज दिया गया। मिश्रा ने कहा कि वे दो दिन से खाद के लिए चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें खाद नहीं मिली। किसानों ने खाद बांटने में कथित मनमानी पर नाराजगी जताई। उन्होंने पारदर्शी व्यवस्था के साथ सभी किसानों को नियम के मुताबिक खाद देने की मांग की। समिति के सचिव आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि खाद 300 बोरी आई है जिसे सुबह से बांटा जा रहा। भीड़ अधिक होने से अव्यवस्था के कारण कुछ समय के लिए वितरण रोका गया था फिलहाल किसानों खाद दी जा रही।

सरकार ग्रामीण अंचलों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्धः सांसद

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच।क्षेत्र के नवाबगंज विकास खंड को नई रफ्तार देने के उद्देश्य से 'त्वरित आर्थिक विकास योजना' के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत ग्राम पंचायत जलालपुर के राजापुर मार्ग से शिवपुर सेमरा के शिवपुरा गांव तक लेपन कार्य एवं लघु सेतु (पुलिया) निर्माण का भव्य शिलान्यास बहराइच के लोकप्रिय सांसद डॉ.आनन्द कुमार गोंड द्वारा पूरे विधि-विधान के साथ किया गया।इस परियोजना की कुल लंबाई 2.15 किलोमीटर है। सड़क निर्माण के साथ-साथ लघु सेतु बनने से क्षेत्र के आवागमन में अभूतपूर्व सुधार होगा और स्थानीय निवासियों को लंबे समय से हो रही आवाजाही की समस्याओं से निजात मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सांसद डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ग्रामीण अंचलों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। सुदूर गाँवों को मुख्य मार्गों से जोड़ना और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। इस मार्ग और लघु सेतु के निर्माण से ग्रामीणों को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी, जिससे व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच आसान होगी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने इस परियोजना की शुरूआत पर हर्ष व्यक्त किया और क्षेत्रीय सांसद का आभार जताया।इस मौके पर प्रधान अतुल सिंह, जिला महामंत्री रणविजय सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष बलवंत सिंह,जिला पंचायत सदस्य संदीप जायसवाल, जिला कार्यसमिति सदस्य मानवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान जलालपुर जितेंद्र कुमार, स्वामी जायसवाल, हर्षित सिंह, पिंटू गुप्ता, शिवम शर्मा, आनंद जायसवाल आदि उपस्थिति रहे।

कार ने मारी पिता पुत्र को टक्कर, बेटे की मौत, पिता गमीर रूप से घायल

घर का इकलौता चिराग बुझा, गाँव में मातम का माहौल

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। बहराइच के फखरपुर थाना क्षेत्र के गजाधरपुर चौराहे पर आज फिर तेज रफ्तार कार ने उजाड़ दी संपत यादव की दुनिया गजाधरपुर चौराहे पर संपत यादव अपने परिवार के साथ अपनी दुकान के पास पार्सल उठा रहे थे और अचानक तेज रफ्तार कार संख्या यू पी 11ए, सी 8300 ने संपत यादव पुत्र विशाल यादव वा महसर पुत्र सुलेमान उम्र 40 वर्ष को भी अपनी चपेट में ले लिया। विशाल यादव की मौके पर तो मौत हो गई वही संपत यादव को गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही बसंता गांव में कोहराम मच गया। क्योंकि संपत यादव का सिर्फ एक ही पुत्र था जो कक्षा 9 का छात्र था। सुबह गजाधरपुर के पास संपत यादव की दुकान है दिल्ली से ट्रांसपोर्ट से सामान आया था जो सड़क के किनारे उतार कर चला गया था। पार्सल उठा रहे पिता पुत्र और चाचा को लखनऊ की तरफ से आ रही कार चालक को नींद की झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर पार्सल उठा रहे लोगों को टक्कर मार घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया सूचना मिलते ही फखरपुर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच चालक और कार को कब्जे में लेकर घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया जहां पर हालत नाजुक देखते हुए डाक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संपत यादव की कोई अन्य संतान नहीं है। सिर्फ एक ही यह लड़का था जो आज हादसे बुझ गया घर का चिराग। वहीं पिता संपत भी जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है जिनकी हालत काफी नाजुक बनी हुई है।

नानपारा के जयपुरिया इन्टर कॉलेज में हो रहा 03 दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण

कार्मिकों को जनगणना की बारीकियों से कराया गया अवगत

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा



बहराइच। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण अर्थात जनसंख्या गणना कार्य को सुचारु, व्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए तहसील नानपारा मे तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में सेठ आनंदराम जयपुरिया इन्टर कॉलेज नानपारा में जनगणना कार्मिकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जनगणना कार्य में लगाए गये अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यप्रणाली, आवश्यक दिशा-निर्देशों और उनके दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।प्रशिक्षण के दौरान जिला से नियुक्त फील्ड ट्रेनर द्वारा जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्मिकों को पूरी गंभीरता, जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षकों ने जनगणना से संबंधित आवश्यक जानकारियों का सही एवं त्रुटिरहित संकलन करने तथा निर्धारित दिशा-निदेर्शों का पूरी तरह पालन करने पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से कार्मिकों को जनगणना की बारीकियों से अवगत कराने के साथ ही उन्हें जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि आगामी जनगणना का कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके। इसके साथ ही 16 नवम्बर 2026 से स्वगणना पोर्टल (se.census.gov.in) के माध्यम से जनता को जागरूक कर अधिक से अधिक स्वगणना कराने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान तहसीलदार नानपारा ने प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर सभी कार्मिकों से फीडबैक लिया।

बाबागंज में स्मार्ट डायग्नोस्टिक सेंटर का भव्य शुभारंभ, सांसद और विधायक रहे मौजूद

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच।विकासखंड नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत बाबागंज में स्मार्ट डायग्नोस्टिक सेंटर का भव्य शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बहराइच सांसद डॉ. आनंद कुमार गौड़ एवं नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा मौजूद रहे। दोनों अतिथियों ने फीता काटकर सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया।

इस डायग्नोस्टिक सेंटर के शुरू होने से क्षेत्रवासियों को अब अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी और डिजिटल एक्स-रे जैसी जांच सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी।इससे पहले लोगों को इन जांचों के लिए नानपारा और बहराइच जाना पड़ता था। सेंटर खुलने से क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी और दूर-दराज की यात्रा से भी छुटकारा मिलेगा।

स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब जांच के लिए नानपारा और बहराइच नहीं जाना पड़ेगा।बाबागंज में ही सुविधाएं मिलने से समय और परेशानी दोनों की बचत होगी।इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। स्मार्ट डायग्नोस्टिक सेंटर के शुभारंभ को क्षेत्र में स्वास्थ्य जांच सुविधाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष रुपईडीहा डॉक्टर उमाशंकर वैश्य, जिला पंचायत सदस्य संदीप जयसवाल, प्रबंधक स्मार्ट डायग्नोस्टिक सेंटर जीतेन्द्र पाण्डेय, अदालत पांडेय, देवेश पांडेय, आनंद गांधी सहित कई क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

गोपिया गांव के तालाब में दिखे दो मगरमच्छ, ग्रामीणों में दहशत

बच्चों और मवेशियों की सुरक्षा को लेकर ग्रामीण चिंतित

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। गोपियां गांव के टेपरा में आबादी के बीच स्थित एक छोटे तालाब में दो मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत है। तालाब के किनारे धूप सेंकते मगरमच्छ की तस्वीर सामने आने के बाद लोगों में डर और बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार वन विभाग और प्रशासन से शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। टेपरा निवासी लक्ष्मीराम राजपूत के घर के पास स्थित इस तालाब में दोनों मगरमच्छ देखे गए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक तालाब गांव के बीचोंबीच है। यहां बच्चे खेलने आते हैं, महिलाएं घरेलू कामकाज के लिए आती-जाती हैं और मवेशी भी पानी पीने पहुंचते हैं। ऐसे में मगरमच्छों की मौजूदगी से किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में कई बार वन विभाग और प्रशासन को सूचना दी गई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द मौके पर पहुंचकर मगरमच्छों को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू करने और उचित स्थान पर पहुंचाने की मांग की है, ताकि गांव के लोगों, बच्चों और मवेशियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

नगर पंचायत रुपईडीहा में जनगणना प्रशिक्षण का समापन



प्रशिक्षुओं को दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच।नगर पंचायत रुपईडीहा के नवीन कार्यालय भवन में आगामी जनगणना 2027 को लेकर चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तारपूर्वक दी गईं।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा जनगणना की प्रक्रिया, मकान सूचीकरण, परिवारों से पूछे जाने वाले प्रश्नों, आंकड़ों के संकलन तथा सही एवं सटीक जानकारी दर्ज करने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही जनगणना कार्य को जिम्मेदारी, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण से संबंधित जानकारियों को साझा किया तथा जनगणना कार्य को सफल बनाने का संकल्प लिया। समापन के अवसर पर नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी, प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक फोटो खिंचवाकर प्रशिक्षण कार्यक्रम की यादों को संजोया।

दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़े हुए पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी

आर्थिक मदद कर दिया हर संभव सहायता का भरोसा

देर रात अपने काफिले के साथ ननकू चौहान के घर पहुंचे पूर्व मंत्री, परिवार से मिलकर बंधाया ढांढस

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज बहराइच। कैसरगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत वैराकाजी के मजरा कोटवा में महिला की मौत के बाद शोकाकुल परिवार से मिलने के लिए नेताओं का पहुंचना जारी है। इसी क्रम में देर रात पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी अपने काफिले के साथ पीड़ित ननकू चौहान के घर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना पर गहरा दुख जताया और परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की तथा भरोसा दिलाया कि दुख की इस घड़ी में वे परिवार के साथ खड़े हैं और हर संभव मदद की जाएगी। पूर्व मंत्री ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर आगे भी हर संभव सहयोग किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष नेम कुमार चौहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मिहींपुरवा में झुके बिजली के पोल से हादसे का खतरा

तारों को छूकर निकली यात्रियों से भरी बस

अमन लेखनी समाचार /मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच।मिहींपुरवा बड़ी बाजार से माटेही की ओर जाने वाले मार्ग पर मोड़ के पास झुका विद्युत पोल और नीचे लटक रहे तार हादसे को दावत दे रहे हैं।तारों की ऊंचाई इतनी कम है कि सड़क से गुजरने वाले बड़े वाहनों की बॉडी उनसे छू रही है। इसके बावजूद विद्युत विभाग की ओर से अब तक समस्या का समाधान नहीं कराया गया है।गुरुवार, पांच नवंबर को मटेही की ओर से मिहींपुरवा बस स्टैंड जा रही यात्रियों से भरी एक बस की ऊपरी छत लटकते बिजली के तारों को छूती हुई निकल गई। गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ। यदि बस के संपर्क में आने के दौरान विद्युत आपूर्ति चालू होती या तारों में कोई खराबी होती तो यात्रियों की जान खतरे में पड़ सकती थी। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। ऐसे में झुका विद्युत पोल और नीचे लटकते तार कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से तत्काल पोल को सीधा कराने और तारों को सुरक्षित ऊंचाई पर व्यवस्थित कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि विभाग समय रहते समस्या का समाधान कराए, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके।

प्राथमिक विद्यालय रुपईडीहा गांव में चोरी, ताला तोड़कर स्मार्ट क्लास का सामान ले उड़े चोर

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच।नगर पंचायत रुपईडीहा के प्राथमिक विद्यालय रुपईडीहा गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय को निशाना बनाते हुए जमकर उत्पात मचाया। चोर विद्यालय का ताला तोड़कर अंदर घुसे और स्मार्ट क्लास में लगे टीवी, इनवर्टर व बैटरी सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए।इतना ही नहीं, चोरों ने विद्यालय परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र को भी नहीं बख्शा। वहां का ताला तोड़कर आंगनबाड़ी से संबंधित सामानों पर हाथ साफ कर दिया।इसके अलावा कक्षाओं में लगे विद्युत उपकरणों को भी तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया।सुबह जब विद्यालय खुला तो टूटे ताले और बिखरा सामान देखकर शिक्षकों के होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। विद्यालय जैसे शिक्षा के मंदिर में हुई इस चोरी की घटना से शिक्षकों और ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से घटना का शीघ्र खुलासा करने तथा चोरी गए सामान की बरामदगी कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।आवश्यक कार्यवाही के लिए रुपईडीहा थाना प्रभारी को प्रधानाध्यापक द्वारा सूचना दे दी गई है।

नौकरी का झांसा देकर महिला से 50 हजार ठगे

दस्तावेजों से 60 हजार का फाइनेंस कराया, अरोपी अरेस्ट

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर करीब 2:30 बजे पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर महिला से ठगी और उसके दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फाइनेंस कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोप है कि आरोपी ने महिला से 50 हजार रुपये ठगे और उसके दस्तावेजों पर 60 हजार रुपए का ऋण लेकर एसी, इन्वर्टर और बैटरी खरीद ली थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीनों सामान बरामद किए हैं। आरोपी की बैंक में महिला से मुलाकात हुई थी पुलिस के मुताबिक, पट्टी थाना क्षेत्र के नेवादा गांव की महिला की मुलाकात 23 जून को बैंक ऑफ बड़ौदा की पट्टी शाखा में संजय कुमार गौतम से हुई थी। संजय महड़ौरा गांव का रहने वाला है। आरोप है कि उसने महिला को बैंक में नौकरी दिलाने का भरोसा देकर 50 हजार रुपए मांगे। महिला ने 24 जून को उसे रकम दे दी।आरोपी सादे कागज भी साथ ले गएइसके बाद संजय महिला को रामगंज बाजार स्थित अभय इंटरप्राइजेज दुकान पर मनीष सिंह के पास ले गया। आरोप है कि दोनों ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर महिला से आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक और हस्ताक्षर किए हुए सादे कागज ले लिए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने संजय कुमार गौतम और मनीष सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया। आरोपी को आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र में वाराणसी-लखनऊ हाईवे से नगर-छतौना रोड के पास गिरफ्तार किया।

जमीन की पैमाइश करने पहुंचे लेखपाल-कानूनगो से मारपीट

प्रतापगढ़ में लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप, लेखपाल ने दर्ज कराई शिकायत

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के विभारपुर गांव में जमीन की पैमाइश करने पहुंचे राजस्वकर्मियों से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि विपक्षी पक्ष के लोगों ने लेखपाल और कानूनगो पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना में लेखपाल राकेश कुमार के पैर में चोट आई है। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पुलिस की मौजूदगी में विवाद होता दिखाई दे रहा है। किलाई गांव के हल्का लेखपाल सुधीर कुमार मौर्य ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि विभारपुर गांव की मोहिनी देवी ने जमीन की पैमाइश के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। उपजिलाधिकारी के आदेश पर बुधवार को वह कानूनगो राकेश सिंह के साथ मौके पर पैमाइश करने पहुंचे थे। लाठी-डंडे लेकर पहुंचे लोग, नक्शा फाड़ने का आरोप लेखपाल के मुताबिक, पैमाइश के दौरान विपक्षी पक्ष के कई लोग लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए और कार्रवाई का विरोध करने लगे। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने राजस्वकर्मियों के साथ मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान जमीन से संबंधित नक्शा भी फाड़ दिया गया। लेखपाल ने आरोप लगाया कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना में अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है। घायलों का प्रतापगढ़ में इलाज चलने की बात कही गई है।

पुलिस बोली- वीडियो के आधार पर हो रही जांच

घटना का वीडियो बुधवार का बताया जा रहा है। आसपुर देवसरा थाना प्रभारी राकेश चौरसिया ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई शिकायत नहीं मिली है। हालांकि, वायरल वीडियो के आधार पर जांच-पड़ताल की जा रही है।घटना का वीडियो बुधवार का बताया जा रहा है। घटना का वीडियो बुधवार का बताया जा रहा है। एसडीएम बोले- विवाद हुआ तो होगी कार्रवाई एसडीएम पट्टी सुनील कुमार ने बताया कि राजस्व टीम जमीन की पैमाइश के लिए गई थी।

संक्षेप

जमीन देने वाले परिवार को सम्मान नहीं मिलने का आरोप

बागपत में गन्ना मंत्री को सौंपा ज्ञापन, गेट या कमरा बनाने की मांग की

बागपत ,चीनी मिल में पेराई सत्र की शुरूआत हुई। कार्यक्रम में गन्ना मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण चौधरी समेत और के नेता मौजूद रहे। इसी बीच मिल के लिए 300 बीघा जमीन दान करने वाले नवाब परिवार को सम्मान न मिलने का मुद्दा भी उठा। स्थानीय लोगों ने परिवार के योगदान को याद करते हुए मिल परिसर में उनके नाम पर कोई स्थान बनाने की मांग की। दादा ने किसानों के लिए दान की थी जमीन कांग्रेस नेता नवाब अहमद हमीद ने बताया कि उनके दादा नवाब शौकत अली ने किसानों के हित में चीनी मिल स्थापित करने के उद्देश्य से जमीन दान की थी। उनका आरोप है कि परिवार को मिल के कार्यक्रमों में केवल निमंत्रण दिया जाता है, लेकिन उसके योगदान के अनुरूप सम्मान नहीं मिलता। स्थानीय लोगों का कहना है कि मिल में नवाब परिवार के नाम पर न कोई गेट है, न कमरा और न ही परिवार के योगदान का उल्लेख किया जाता है। उन्होंने मिल परिसर में परिवार के नाम पर कोई स्थान बनाने और उसे उचित सम्मान देने की मांग की। गन्ना मंत्री को सौंपा ज्ञापन इस मांग को लेकर कुछ लोग शाम करीब पांच बजे नवाब अहमद हमीद से मिलने उनकी हवेली पहुंचे। वहीं, कुछ लोगों ने मिल जाकर गन्ना मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन देने पहुंचे अजेंद्र पवार ने कहा कि परिवार के त्याग और योगदान का सम्मान होना चाहिए। मिल में उनके नाम पर कोई स्थान बनाया जाना चाहिए। नवाब अहमद हमीद ने भी कहा कि उनके दादा ने किसानों के लिए जमीन दान की थी, लेकिन अब परिवार को उचित सम्मान नहीं मिल रहा है।

लोहे के गेट से चाचा-भतीजे को लगा करंट


दोनों की हुई मौत, चाचा को बचाने के लिए पहुंचा था भतीजा

बागपत ,खट्टा प्रहलादपुर गांव में बुधवार रात करंट लगने से चाचा-भतीजे की मौत हो गई। चाचा मकान का लोहे का गेट बंद कर रहे थे, तभी करंट की चपेट में आ गए। उन्हें बचाने पहुंचे भतीजे को भी करंट लग गया। परिवार के लोग दोनों को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गेट में करंट उतरने से हुआ हादसा मृतकों की पहचान कंवर पाल (50) और उनके भतीजे दीपक (30) के रूप में हुई है। बताया गया कि बुधवार रात करीब 11 बजे कंवर पाल मकान का लोहे का गेट बंद कर रहे थे। इसी दौरान वे करंट की चपेट में आ गए। उन्हें बचाने के लिए दीपक पहुंचे तो वह भी करंट की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक, गेट के संपर्क में बिजली का तार आने से उसमें करंट उतर गया होगा। पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने दोनों को गेट से अलग किया और अस्पताल पहुंचाने में मदद की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चाचा के दो बेटे, भतीजे की तीन साल की बेटीकंवर पाल की पत्नी की एक साल पहले मौत हो चुकी है। उनके दो बेटे अंकित और सौरभ हैं। वहीं, दीपक दिल्ली में रैपिडो चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी और तीन साल की बेटी है। हादसे के बाद दोनों परिवारों में मातम पसरा है।

कंगना रनोट ने कहा- विपक्ष के पैंतरे काम नहीं आएंगे

बोलीं- जनता मोदी-योगी के साथ; प्रयागराज बड़े शहर के रूप में उभर रहा

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, मशहूर अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनोट ने बुधवार को प्रयागराज में राहुल गांधी और विपक्ष के लोकतंत्र बचाओ अभियान पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- इस तरह के राजनीतिक पैंतरे काम आने वाले नहीं हैं। जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ है। विपक्ष के नेता सिर्फ मॉक पार्लियामेंट में ही अपने सपने पूरे कर सकते हैं, वास्तविक संसद में उनके सपने पूरे होने वाले नहीं हैं।कंगना रनोट प्रयागराज में एक स्टोर की ओपनिंग करने पहुंची थीं। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने शहर के विकास और यहां बड़े ब्रांड्स के पहुंचने पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि प्रयागराज पवित्र और पावन धरती है। यहां स्टोर की ओपनिंग का भव्य समारोह आयोजित किया गया। यह अच्छी लॉन्चिंग रही।

प्रयागराज एक बड़े शहर के रूप में उभर रहा

उन्होंने कहा कि प्रयागराज जैसे शहर में अब ऐसे बड़े-बड़े और हाई-प्रोफाइल ब्रांड्स आ रहे हैं, जिनकी पहचान पूरे विश्व में है। यह इस बात का संकेत है कि प्रयागराज एक बड़े शहर के रूप में उभर रहा है।पर्यटन की दृष्टि से भी प्रयागराज का महत्व लगातार बढ़ रहा है। देशी और विदेशी पर्यटकों के आने से शहर में बड़े ब्रांड्स और कारोबार के लिए नए अवसर बन रहे हैं।

महिला को 8 दिन तक रखा डिजिटल अरेस्ट

दिल्ली पुलिस बनकर 13.5 लाख ट्रांसफर कराए, होटल में फर्जी पुलिस ऑफिस बनाया

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज ,साइबर ठगी का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर कोई भी हैरान रह जाएगा। साइबर ठग होटल के किराये के कमरे को पुलिस ऑफिस जैसा बनाते थे। फिर खुद को पुलिस अधिकारी बताकर महिलाओं और बुजुर्गों को डिजिटल अरेस्ट करते और उनके परिवार को जेल भेजने की धमकी देकर लाखों रुपये ऐंठ लेते थे। इस गैंग ने प्रयागराज की एक महिला को आठ दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा। दिल्ली पुलिस की कार्रवाई का डर दिखाकर उससे 13.50 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने इस अंतरराज्यीय गैंग का खुलासा करते हुए बिहार के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। ठगी की रकम में से 8.50 लाख रुपये फ्रीज भी कराए गए हैं।



परिवार को जेल भेजने की दी धमकी

खुल्दाबाद के लूकरगंज निवासी रचना चावला पत्नी दिनेश चावला के पास 29 सितंबर 2026 को साइबर ठगों ने व्हाट्सएप कॉल किया। कॉल करने वाले ने खुद को दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताया। उसने महिला से कहा कि उनके नाम से दिल्ली स्थित बैंक खाते में मनी लॉन्ड्रिंग का पैसा आया है। इस खाते में महिला का ही आधार कार्ड लगा हुआ है और मामले की जांच चल रही है। ठगों ने महिला को डराया कि अगर वह इस मामले में पकड़ी गईं तो उन्हें और उनके परिवार को जिंदगी भर जेल में रहना पड़ेगा। उनकी पूरी जिंदगी बर्बाद हो जाएगी। इस तरह गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई का डर दिखाकर महिला को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा आरोपियों ने 29 सितंबर से 7 अक्टूबर तक महिला को डिजिटल अरेस्ट के नाम पर अपने जाल में फंसाए रखा। इस दौरान दिल्ली पुलिस का अधिकारी बनकर ऑनलाइन सुनवाई भी की जाती रही। ठगों ने महिला का भरोसा जीतने और डर को मजबूत करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के नाम से फर्जी पत्र तक भेज दिया।लगातार निगरानी और कार्रवाई का डर दिखाकर आरोपियों ने महिला से 7 अक्टूबर को 13.50 लाख रुपये अपने बताए गए खातों में ट्रांसफर करा लिए। ठगी का एहसास होने पर महिला ने 9 अक्टूबर को साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई।

किराये की लग्जरी गाड़ियां फर्जी कागजों से बेचने वाले अरेस्ट

सरकारी विभागों में गाड़ी लगवाने झांसा देते, ट्रैवल कंपनियों से वाहन लेते थे

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , किराये की लग्जरी गाड़ियां फर्जी दस्तावेजों के सहारे दूसरे राज्यों में बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। हरियाणा की कलानौर पुलिस ने परतापुर पुलिस के साथ मिलकर यह कार्रवाई की।आरोपियों ने सरकारी विभागों में गाड़ियां लगवाने का भरोसा देकर ट्रैवल कंपनियों से 12 से ज्यादा वाहन किराये पर लिए थे।शुरूआत में किराया और किस्तें समय पर देकर कंपनी संचालक का भरोसा जीता। इसके बाद फर्जी फउ और आधार कार्ड तैयार कर गाड़ियों की पहचान बदली और उन्हें दूसरे राज्यों में कम कीमत पर बेचने लगे। एक थार रॉक्स में लगे की मदद से पुलिस आरोपियों तक पहुंची। सरकारी विभागों में गाड़ी लगवाने का दिया झांसा पुलिस के मुताबिक, हरियाणा के कलानौर निवासी हरीश कुमार ट्रैवल कंपनी चलाते हैं। उनकी कंपनी कई राज्यों में टैक्सी और लग्जरी वाहन उपलब्ध कराती है। आरोप है कि बागपत निवासी प्रियांशु ने सरकारी विभागों में गाड़ियां लगवाने की बात कहकर उनसे 12 से ज्यादा लग्जरी वाहन किराये पर लिए।शुरूआत में प्रियांशु ने किराया और किस्तें समय पर दीं। इससे हरीश को उस पर भरोसा हो गया। बाद में आरोपियों ने गाड़ियों को बेचने का काम शुरू कर दिया। जांच में गाजियाबाद निवासी राजेंद्र उर्फ मोटू का नाम सामने आया। पुलिस के मुताबिक, वह घर पर फर्जी फउ तैयार करता था। आधार कार्ड में नाम और पता बदलकर वाहनों की नई पहचान बनाई जाती थी। इसके बाद दीपक और चेतन की मदद से नंबर प्लेट बदली जाती थी। फिर गाड़ियों को दूसरे राज्यों में कम कीमत पर बेच दिया जाता था। मिला मेरठ में सुरागकाफी समय तक गाड़ियों की जानकारी नहीं मिलने पर हरीश ने पुलिस में शिकायत की।

लिफाफे में कारतूस भेजकर मांगी 50 लाख की रंगदारी

कुख्यात ऊधम सिंह समेत चार पर मुकदमा, सात सितंबर को दी थी हत्या की धमकी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,सदर बाजार क्षेत्र में एक कारोबारी से कुख्यात बदमाश ऊधम सिंह के नाम पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। रंगदारी नहीं देने पर कारोबारी को गोली मारने की धमकी दी गई। आरोप है कि पहले प्रतिष्ठान का निर्माण रुकवाकर रंगदारी मांगी गई।इसके बाद कार से पीछा कर शहीद स्मारक के पास कारोबारी की गाड़ी रुकवाई गई और पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपियों ने कारोबारी की कार पर पीछे से फायरिंग भी की। अब बाइक सवार दो संदिग्ध कारोबारी के सिक्योरिटी गार्ड को लिफाफा थमाकर चले गए। लिफाफे में धमकी भरे पत्र के साथ जिंदा कारतूस रखा था। पत्र में 50 लाख रुपये नहीं देने पर गोली मारने की चेतावनी दी गई। कारोबारी की तहरीर पर पुलिस ने इनामुल्लाह और ऊधम सिंह समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पल्लवपुरम के 73/ए विवेक विहार निवासी अंकुर शर्मा पुत्र एमएल शर्मा कारोबारी हैं। उन्होंने कुछ समय पहले ही सदर बाजार क्षेत्र के जलीकोठी में अपना कारोबार शुरू किया था। आरोप है कि प्रतिष्ठान का निर्माण कराने के दौरान उसी क्षेत्र का रहने वाला इनामुल्लाह कई बार काम रुकवाने पहुंचा। वह कारोबारी को धमकाते हुए कुख्यात ऊधम सिंह के नाम पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांग रहा था।कारोबारी ने उसकी धमकियों को गंभीरता से नहीं लिया।शहीद स्मारक के पास कार से किया पीछा अंकुर शर्मा ने पुलिस को बताया कि सात सितंबर को सुबह करीब नौ बजे वह आबूलेन स्थित एक जिम से बाहर निकले। वहां दो संदिग्ध कार खड़ी थीं। वह अपनी कार में बैठकर जलीकोठी की ओर चल दिए। आरोप है कि दोनों कारों में सवार लोगों ने उनका पीछा शुरू कर दिया। शहीद स्मारक के पास एक कार ने ओवरटेक करके उनकी गाड़ी रोक ली। कार से इनामुल्लाह बाहर निकला और धमकाते हुए कहा कि उसका समझाना कारोबारी की समझ में नहीं आ रहा है और वह धमकी को हल्के में ले रहा है।

दूसरी कार में ऊधम सिंह ने दिखाई पिस्टल

कारोबारी के मुताबिक, इनामुल्लाह ने दूसरी कार की ओर इशारा करते हुए बताया कि उसमें ऊधम सिंह भाई साहब बैठे है। इसी दौरान दूसरी कार का शीशा नीचे हुआ। अंदर बैठे ऊधम सिंह ने पिस्टल दिखाते हुए 50 लाख रुपये जल्द से जल्द देने की धमकी दी। रुपये नहीं देने पर जान से मारने की चेतावनी दी गई। इसके बाद आरोपी कार लेकर वहां से भागने लगे। कारोबारी का आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने उनकी कार पर पीछे से फायरिंग भी की। हालांकि, तब तक वह काफी दूर निकल चुके थे।लिफाफे में मिला कारतूस, दहशत में कारोबारीकारोबारी के अनुसार, एक नवंबर को वह आबूलेन पर मौजूद थे।

टैक्सी चालक ने फांसी लगाकर दी जान

काम को लेकर चल रहा था परेशान, ट्यूशन से लौटी बेटी ने देखा तो चीख पड़ी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , पल्लवपुरम थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहे एक टैक्सी चालक ने शाम फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के वक्त उसकी पत्नी बाजार गई हुई थी, जबकि 10 वर्षीय बेटी ट्यूशन पढ़ने गई थी। बेटी घर लौटी तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। धक्का देकर दरवाजा खोला तो पिता का शव चुनरी के सहारे फंदे पर लटका देखकर उसकी चीख निकल गई। शोर सुनकर मकान मालिक और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस, फोरेंसिक टीम और सीओ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है।पुलिस के अनुसार, 39 वर्षीय सचिन कुमार पहले गंगानगर की अमन विहार कॉलोनी में परिवार के साथ रहते थे। कुछ समय पहले वह अपनी पत्नी कोमल और 10 वर्षीय बेटी के साथ पल्लवपुरम क्षेत्र में आ गए थे। यहां उन्होंने अनिल के मकान में किराए पर कमरा लिया हुआ था। सचिन टैक्सी चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते थे।

दरवाजा खोलते ही सामने लटका मिला शव

शाम सचिन की पत्नी कोमल बाजार गई हुई थी और बेटी ट्यूशन पढ़ने गई थी।इसी दौरान सचिन ने कमरे में फांसी लगा ली।शाम को बेटी ट्यूशन से वापस लौटी तो कमरे का दरवाजा बंद था। उसने धक्का देकर दरवाजा खोला तो अंदर पिता का शव चुनरी से बने फंदे के सहारे लटका हुआ था।यह देखकर बेटी की चीख निकल गई। उसकी आवाज सुनकर मकान मालिक अनिल और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

तीन माह से छूटा हुआ था काम

सूचना पर पल्लवपुरम थाना पुलिस, फोरेंसिक टीम और सीओ शिव ठाकुर मौके पर पहुंच गए।

बेसमेंट में चोरी-छिपे चल रहा था हुक्का बार

पुलिस ने युवक-युवती को पकड़ा, 4 हुक्का पाइप और फ्लेवर्ड तंबाकू बरामद

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , टीला मोड़ थाना क्षेत्र में किराये की इमारत के बेसमेंट में चोरी-छिपे हुक्का बार चलाया जा रहा था। पुलिस ने शाम छापेमारी कर एक युवक और युवती को गिरफ्तार किया। मौके से चार हुक्का पाइप, फ्लेवर्ड तंबाकू और हुक्का इस्तेमाल करने का अन्य सामान बरामद हुआ है। दोनों के खिलाफ सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, 4 नवंबर को सूचना मिली थी कि भोपुरा तिराहे के पास एक किराये की इमारत के बेसमेंट में अवैध रूप से हुक्का बार संचालित हो रहा है। इसके बाद टीला मोड़ थाना पुलिस ने शाम करीब 6 बजे छापेमारी की। मौके से अर्जुन (19) और नंदिनी (26) को गिरफ्तार किया गया। दोनों दिल्ली के नंद नगरी इलाके के रहने वाले हैं।

दो-तीन दिन से चला रहे थे हुक्का बार

पुलिस को मौके से चार हुक्का पाइप, फ्लेवर्ड तंबाकू के दो पैकेट, प्लास्टिक के डिब्बे में रखा फ्लेवर्ड तंबाकू, दो चिमटे और कोयला गर्म करने वाला छोटा इलेक्ट्रिक हीटर मिला। पुलिस ने सभी सामान कब्जे में ले लिया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे पिछले दो-तीन दिनों से बेसमेंट में चोरी-छिपे हुक्का बार चला रहे थे। यहां आने वाले लोगों को फ्लेवर्ड तंबाकू का सेवन कराया जाता था। इससे उन्हें आर्थिक लाभ हो रहा था।

तंबाकू उत्पाद अधिनियम में मुकदमा दर्ज

पुलिस ने बरामद सामान के आधार पर दोनों के खिलाफ सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 की धारा 21/22 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों के खिलाफ इस मामले में एक मुकदमा दर्ज हुआ है। उनके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

एमडीए के दोनों गेटों पर जड़ा ताला

तीसरे दिन धरना जारी, 2.81 करोड़ के लंबित भुगतान की मांग

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , लोहियानगर, वेदव्यासपुरी और गंगानगर आवासीय योजनाओं के किसान तीसरे दिन भी एमडीए कार्यालय पर धरने पर बैठे रहे। शाम करीब 4 बजे किसानों ने कार्यालय के दोनों प्रवेश द्वारों पर ताले लगा दिए। सूचना मिलने पर पुलिस और पीएसी मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर ताले खुलवाए।किसानों ने बढ़े हुए प्रतिकर का लाभ देने, लंबित भुगतान कराने और मंडलायुक्त से मुलाकात कराने की मांग रखी। अधिकारियों से कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद किसानों ने दोनों गेट खोल दिए। किसानों ने साफ कहा कि मांगों पर ठोस कार्रवाई होने तक धरना जारी रहेगा।

पुलिस और पीएसी पहुंची, बातचीत के बाद खुले गेट

शाम किसानों ने एमडीए कार्यालय के दोनों प्रवेश द्वारों पर ताले लगा दिए। अधिकारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस और पीएसी मौके पर पहुंची। सीओ सिविल दीक्षा भोरिया ने किसानों से ताले खोलने और शांतिपूर्ण तरीके से धरना जारी रखने की अपील की। एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले भी मौके पर पहुंचे। किसानों ने अधिकारियों के सामने बढ़े प्रतिकर का लाभ देने, लंबित भुगतान जल्द कराने और मंडलायुक्त से मुलाकात कराने की मांग रखी। अधिकारियों से मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद किसानों ने ताले खोल दिए। एहतियात के तौर पर एमडीए परिसर में पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

2015 के समझौते को लागू करने की मांग

संयुक्त किसान संघर्ष समिति के मुताबिक, 22 मई 2015 को तत्कालीन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में किसानों के साथ समझौता हुआ था। किसान अब इसे लागू करने की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि समझौते के बावजूद उन्हें पूरा लाभ नहीं मिला। किसानों ने बताया कि 28 सितंबर 2016 को हुई एमडीए बोर्ड की बैठक में अतिरिक्त प्रतिकर देने का प्रस्ताव पास हुआ था। इसके बावजूद किसानों का 2 करोड़ 81 लाख 68 हजार रुपए का भुगतान अब तक लंबित है।

बोले- न्याय मिलने तक धरना जारी रखेंगे

किसान नेता अज्जू गुर्जर ने कहा कि 2015 में समझौता हुआ था, लेकिन अब तक प्रतिकर नहीं मिला। किसानों को उनका हक मिलने तक धरना जारी रहेगा। किसान गौरव गुर्जर ने बताया कि वह लोहियानगर योजना के प्रतिकर का भुगतान नहीं होने के कारण धरने पर बैठे हैं। उनका आरोप है कि किसानों की आवाज नहीं सुनी जा रही और अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि न्याय मिलने तक किसी भी कीमत पर धरना खत्म नहीं करेंगे।

पार्क में पेड़ से लटका मिला शव

टहलने गए लोगों ने देखा, गले पर रस्सी के निशान मिले, यहीं रहकर मजदूरी करता था

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , सेक्टर-69 स्थित एक पार्क में युवक का शव पेड़ से लटका मिला। सुबह सैर करने आए लोगों ने इसकी जानकारी डायल-112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसपास जानकारी करने पर उसकी पहचान प्रभाकर (23) पुत्र राम किशन लाल के रूप में हुई। प्रभाकर गढ़ी गोलचक्कर के पास रहता था। वह मूल रूप से फरुर्खाबाद का रहने वाला था। इसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। किसी तरह की चोट के निशा नहीं शुरूआती जांच में मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं है। गले में रस्सी के निशान हैं। समझा जा रहा है फंदा लगाने के बाद दम घुटने से मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने बताया कि प्रभाकर मजदूरी करता था। उसके पिता भी मजदूरी करते हैं। किसी बात को लेकर को लेकर वो काफी दिनों से परेशान था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने प्रभाकर का फोन जब्त किया है। उससे जानकारी की जा रही है।

पटाखा दुकानों पर सुरक्षा जांचेगा अग्निशमन विभाग

विक्रेताओं के साथ बैठक कर दिए निर्देश, अधिकृत स्थलों पर ही बिकेंगे ग्रीन पटाखे

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,दीपावली पर पटाखों की बिक्री और भंडारण को लेकर अग्निशमन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पटाखा दुकानों पर आग से बचाव के इंतजामों की जांच की जाएगी। सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं पर कार्रवाई हो सकती है। सेक्टर-2 स्थित फायर स्टेशन पर पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने पटाखा विक्रेताओं के साथ बैठक कर सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश दिए। अब तक करीब 80 लोगों ने आवेदन किया है। डीसीपी नोएडा प्रीति यादव की ओर से आयोजित बैठक में एडीसीपी नोएडा अभय कुमार मिश्र और मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार मौजूद रहे। अधिकारियों ने पटाखों के सुरक्षित भंडारण, रखरखाव और बिक्री के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर चर्चा की। विक्रेताओं को बताया गया कि पटाखों की बिक्री के दौरान अग्नि सुरक्षा के निर्धारित मानकों का पालन करना अनिवार्य है।

बिक्री वाले स्थानों पर रखे अग्निशमन उपकरण

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ग्रीन पटाखों की बिक्री केवल निर्धारित और अधिकृत स्थलों पर ही की जाएगी। सभी दुकानों और बिक्री स्थलों पर पर्याप्त अग्निशमन उपकरण रखने होंगे। आग लगने की स्थिति में तत्काल बचाव के लिए जरूरी इंतजाम पहले से करने होंगे। दुकानों में ज्वलनशील सामग्री का अनावश्यक भंडारण नहीं करने की हिदायत दी गई। इसके अलावा बिजली के तारों, कनेक्शन और उपकरणों की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया।

कोर बैंकिंग सिस्टम की सेंध से 10.24 करोड़ का घोटाला

3 साल तक अधिकारियों की आईडी से ट्रांजेक्शन, 5 पॉइंट में समझें केस

अमन लेखनी समाचार



नोएडा,कोर बैंकिंग सिस्टम में सेंध लगाकर पंजाब नेशनल बैंक की ग्रेटर नोएडा स्थित सेक्टर-पी शाखा में तीन साल तक ग्राहकों के खातों से रुपए निकाले गए। बैंक की ऑफिस असिस्टेंट दीपांशी पर आरोप है कि उसने अलग-अलग अधिकारियों की यूजर आईडी का इस्तेमाल कर ग्राहकों के खातों से बिना अनुमति रकम ट्रांसफर की। कहीं सीधे खातों में रुपए भेजे गए तो कहीं पहले दूसरे खातों में रकम पहुंचाई गई। फिर वहां से अपने खातों में ट्रांसफर किए।एफडी में संयुक्त खाताधारक जोड़कर उसे समय से पहले बंद कराने और मोबाइल ट्रांजेक्शन अलर्ट बंद करने का तरीका भी अपनाया गया। बैंक की शुरूआती जांच में अब तक 10.24 करोड़ रुपए के अनधिकृत ट्रांजेक्शन सामने आए हैं।रकम आशुतोष पाठक समेत 7 लोगों से जुड़े खातों तक पहुंची। सीबीआई ने बैंक की शिकायत पर 8 नामजद आरोपियों और अज्ञात लोक सेवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खातों और लेनदेन का मिलान अभी जारी है

बैंक के मुख्य प्रबंधक अजय कुमार पांडेय ने 23 अक्टूबर को सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा, गाजियाबाद में शिकायत दी थी। इसके आधार पर 28 अक्टूबर को नियमित मामला दर्ज किया गया। एफआईआर में बताया गया है कि धोखाधड़ी अलग-अलग घटनाओं में नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से करीब तीन साल तक की गई।खातों और लेनदेन का मिलान अभी जारी है। अब तक 58 लोगों में से 27 लोगों को केवाईसी करके करीब 13.60 करोड़ रुपए की रकम वापस की गई है। जबकि 31 लोगों की केवाईसी का प्रोसेस किया जा रहा है।

धान खरीद शून्य मिलने पर डीएम सख्त, क्रय केंद्र प्रभारियों से मांगा जवाब

ज्वार-बाजरा खरीद में तेजी लाने के निर्देश, सभी केंद्रों को पूरी क्षमता से संचालित करने की हिदायत

अमन लेखनी समाचार



जालौन। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ दिलाने में लापरवाही सामने आने पर जिलाधिकारी समीर ने सख्त रुख अपनाया है। धान खरीद की समीक्षा में जनपद के सभी निर्धारित क्रय केंद्रों पर खरीद शून्य पाए जाने पर डीएम ने संबंधित केंद्र प्रभारियों से स्पष्टीकरण तलब किया है। साथ ही सभी क्रय केंद्रों को तत्काल सक्रिय कर किसानों से निर्धारित समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने धान, ज्वार और बाजरा खरीद की केंद्रवार समीक्षा की। इस दौरान खाद्य विपणन अधिकारी रुचिता ओमर ने बताया कि शासन ने धान कॉमन का समर्थन मूल्य 2441 रुपये और ग्रेड-ए का 2461 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है। धान खरीद के लिए जनपद में 800 मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है। उरई, जालौन और माधौगढ़ में क्रय केंद्र स्थापित होने के बावजूद अब तक खरीद शुरू नहीं हुई है। ज्वार खरीद के लिए 14,500 मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 12 क्रय केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें अब तक कुल 849 कुंतल ज्वार की खरीद हुई है, जबकि छह केंद्रों पर खरीद शुरू नहीं हो सकी है। ज्वार हाइब्रिड का समर्थन मूल्य 4023 रुपये और मालदण्डी का 4073 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है। इसी प्रकार बाजरा खरीद के लिए 3,000 मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित है। जनपद में 12 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं, लेकिन अब तक मात्र 32.50 कुंतल बाजरे की खरीद हो सकी है। बाजरा का समर्थन मूल्य 2900 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित है। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी क्रय केंद्र पूरी क्षमता से संचालित किए जाएं और खरीद प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाना शासन की प्राथमिकता है। क्रय केंद्रों की नियमित निगरानी की जाए और किसानों को समर्थन मूल्य व खरीद प्रक्रिया की जानकारी दी जाए। खरीद में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज, खाद्य विपणन अधिकारी रुचिता ओमर सहित संबंधित क्रय केंद्र प्रभारी मौजूद रहे।

दीपावली पर शांति भंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाईः योगेंद्र सिंह

ककरवई थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक, आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील

अमन लेखनी समाचार



ककरवई (झांसी)। आगामी धनतेरस एवं दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए थाना ककरवई परिसर में थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं संभ्रांत नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि दीपावली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का पर्व है। सभी लोग मिल-जुलकर शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान जुआ खेलने वालों तथा अवैध रूप से पटाखे एवं बारूद बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने या अराजकता फैलाने का प्रयास करते है तो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें, संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसआई विजय शंकर मिश्रा, रनवीर सिंह, जयपाल सिंह, ग्राम प्रधान रविंद्र सिंह परिहार (डुमरई), आत्माराम यादव (खरका), नीरज सोनी (बरगांय), महेश निषाद (खरबांच), सरजू पाठक (धमनोड), हेमंत यादव (क्षेत्र पंचायत सदस्य कचीर) मोलू ठाकुर, जाहर, नरोत्तम, माधव सिंह, उपेंद्र यादव, नृपत सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

95 वर्षीय मुल्ला देवी की फरियाद पर घर पहुंचे डीएम, खाद्य सामग्री और दवाएं कराईं उपलब्ध

अमन लेखनी समाचार



जालौन। उरई जनसुनवाई में 95 वर्षीय बुजुर्ग महिला की पीड़ा सुनकर जिलाधिकारी समीर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए उनके घर पहुंचकर मदद की। उन्होंने बुजुर्ग महिला को भोजन बनाने के लिए आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई। साथ ही स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी मिलने पर चिकित्सक को घर भेजकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और जरूरी दवाएं भी उपलब्ध कराईं। जानकारी के अनुसार, बीते दिन कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान मोहल्ला मान्यवर कांशीराम कॉलोनी निवासी 95 वर्षीय मुल्ला देवी अपनी फरियाद लेकर पहुंची थीं। उन्होंने जिलाधिकारी को बताया था कि उनका कोई सहारा नहीं है और घर में भोजन बनाने के लिए जरूरी सामग्री भी उपलब्ध नहीं है। बुजुर्ग महिला की परेशानी सुनकर डीएम ने उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया था। इसी क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी समीर स्वयं मुल्ला देवी के आवास पर पहुंचे। उन्होंने बुजुर्ग महिला से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और तत्काल खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई। बातचीत के दौरान उनकी तबीयत खराब होने की जानकारी मिलने पर डीएम ने चिकित्सक को मौके पर भेजकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और आवश्यक दवाएं दिलवाईं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बुजुर्ग महिला के स्वास्थ्य और जरूरतों का नियमित ध्यान रखा जाए। समय-समय पर उनके घर जाकर हालचाल लिया जाए और आवश्यकता पड़ने पर हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। डीएम की इस पहल से बुजुर्ग महिला को राहत मिली। यह कार्रवाई दशार्ती है कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की समस्याओं का मौके पर समाधान कर उन्हें वास्तविक राहत पहुंचाना भी है।

जालौन में 100 सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव, मंजूरी का इंतजार

सेफ सिटी योजना के तहत प्रमुख धार्मिक स्थलों, बाजारों, चौराहों और शिक्षण संस्थानों पर तीसरी आंख की नजर रखने की तैयारी

अमन लेखनी समाचार

जालौन। नगर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद जालौन की ओर से सेफ सिटी योजना के अंतर्गत नगर में 100 सीसीटीवी कैमरे लगवाने का प्रस्ताव भेजा गया है। हालांकि, अभी इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिली है। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद ही नगरवासियों को इस योजना का लाभ मिल सकेगा। नगर पालिका अध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल ने बताया कि नागरिकों की सुरक्षा और सार्वजनिक स्थानों पर निगरानी व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए 100 सीसीटीवी कैमरे लगवाने का प्रस्ताव राज्य मिशन निदेशक, स्मार्ट सिटी मिशन को भेजा गया है। प्रस्ताव के माध्यम से जालौन नगर पालिका क्षेत्र को सेफ सिटी योजना में शामिल कर आधुनिक निगरानी व्यवस्था विकसित कराने की मांग की गई है।

कांशीराम कॉलोनी के स्कूल में डीएम का औचक निरीक्षण, तीन शिक्षक निलंबित करने के निर्देश

लंबे समय से अनुपस्थित मिले प्रधानाध्यापक समेत तीन शिक्षक, खंड शिक्षा अधिकारी को चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



जालौन। जिलाधिकारी समीर ने मान्यवर कांशीराम कॉलोनी स्थित उच्चीकृत प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान लंबे समय से अनुपस्थित पाए गए प्रधानाध्यापक सहित तीन शिक्षकों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। वहीं, क्षेत्र में प्रभावी पर्यवेक्षण नहीं करने पर खंड शिक्षा अधिकारी को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कक्षा छह, सात और आठ में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से सीधे बातचीत की। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई और विषयों की समझ के बारे में जानकारी ली। डीएम ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। इसके लिए शिक्षकों की नियमित उपस्थिति और विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक वातावरण जरूरी है। निरीक्षण के दौरान कुछ बच्चे निर्धारित यूनिफॉर्म में नहीं मिले। इस पर डीएम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अभिभावकों को जागरूक कर बच्चों को नियमित रूप से निर्धारित यूनिफॉर्म में विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय को मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित करने पर जोर देते हुए शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन, स्वच्छता और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने को कहा। डीएम ने विद्यालय में नामांकित दिव्यांग छात्रा श्रुति की शिक्षा की प्रगति भी देखी। छात्रा से बातचीत के दौरान वह अपनी नोटबुक में एक, दो, तीन लिखकर अभ्यास करती मिली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि दिव्यांग और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को आवश्यक शिक्षण सहयोग उपलब्ध कराया जाए, जिससे वे भी शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सकें। निरीक्षण में प्रधानाध्यापक अल्पना गुप्ता, सहायक अध्यापक शोभा गुप्ता और सहायक अध्यापक दीपशिखा लंबे समय से छुट्टी पर पाए जाने के प्रकरण पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को तीनों शिक्षकों के निलंबन की कार्रवाई तत्काल करने के निर्देश दिए। वहीं, खंड शिक्षा अधिकारी प्रीति राजपूत को अपने क्षेत्र में प्रभावी निगरानी नहीं करने पर चेतावनी जारी करने को कहा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, समयबद्ध शिक्षण कार्य और बच्चों की शैक्षिक प्रगति सुनिश्चित करना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाएं। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास चौधरी, खंड शिक्षा अधिकारी प्रीति राजपूत सहित संबंधित शिक्षक एवं अधिकारी मौजूद रहे।

जनगणना-2027 को लेकर कलेक्ट्रेट में बना सेल्फी पॉइंट, डीएम ने नागरिकों से की स्व-गणना में भागीदारी की अपील

अमन लेखनी समाचार



जालौन। जनगणना-2027 को जनभागीदारी का अभियान बनाने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में सेल्फी पॉइंट स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से आमजन को जनगणना के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिलाधिकारी समीर और अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राजीव राज ने सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेकर नागरिकों को जनगणना में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का संदेश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि देश और जनपद के भविष्य के विकास की आधारशिला है। सटीक आंकड़ों के आधार पर ही विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और सरकारी संसाधनों का बेहतर नियोजन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा दी गई है। इसके तहत 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परिवार की जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज की जा सकेगी। इसके बाद 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना की जाएगी। वहीं 5 से 9 जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी होगी। जिलाधिकारी समीर ने जनपदवासियों से निर्धारित समयावधि में स्व-गणना का लाभ उठाने और अपने परिवार का सही विवरण दर्ज करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर और नागरिक की सक्रिय भागीदारी से ही जनगणना के आंकड़े सटीक और उपयोगी बनेंगे। हमारी जनगणना झहमारा विकास' के संदेश के साथ जिला प्रशासन जनगणना-2027 को सफल बनाने के लिए जागरूकता गतिविधियां संचालित कर रहा है।

मिट्टी के दीपकों पर बिखरे नन्हे हाथों के रंग, दीपावली के स्वागत में हुई प्रतियोगिता

अमन लेखनी समाचार



जालौन। दीपावली के पर्व को लेकर बच्चों में उत्साह और उमंग देखने को मिल रही है। इसी क्रम में कोतवाली जालौन क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अमखेड़ा में दीपक सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मिट्टी के साधारण दीपकों को रंगों, आकर्षक डिजाइनों एवं सुंदर कलाकृतियों से सजाकर मनमोहक रूप प्रदान किया। बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता का परिचय देते हुए विभिन्न रंगों और आकृतियों से दीपकों को सजाया। अपनी मेहनत से तैयार किए गए दीपकों को देखकर बच्चों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ नजर आया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक विपिन उपाध्याय ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना भी है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में रचनात्मकता, एकाग्रता और आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ती हैं। सहायक अध्यापक श्याम जी ने बच्चों को रंगों के संयोजन और दीपावली के सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी। वहीं शिक्षामित्र सविता कुशवाहा एवं अनु गुप्ता ने बच्चों को दीपक सजाने में सहयोग करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय परिसर उत्साह और उल्लास से सराबोर रहा। बच्चों द्वारा सजाए गए आकर्षक दीपकों ने सभी का मन मोह लिया।

जालौन नगर में चला उप जिला अधिकारी राकेश कुमार सोनी का चाबुक बिना कागजात के ओबर लोड छह ट्रक डंपर पकड़ किए सीज

ग्राम भिटारा के पास उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में खनिज, परिवहन और पुलिस विभाग ने की जांच, सभी वाहन कोतवाली में खड़े कराए गए

अमन लेखनी समाचार



जालौन। खनिज के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। बुधवार को उपजिलाधिकारी राकेश सोनी के नेतृत्व में नायब तहसीलदार, खनिज विभाग, सहायक क्षेत्रीय परिवहन विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने तहसील क्षेत्र के ग्राम भिटारा के पास जांच अभियान चलाया। इस दौरान बिना वैध प्रपत्रों के खनिज परिवहन करते हुए छह डंपर पकड़े गए। कार्रवाई के बाद सभी वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में कोतवाली जालौन में खड़ा कराया गया। पकड़े गए वाहनों के पंजीकरण नंबर यूपी 93 बीटी 4578, एमपी 32 एचए 0338, यूपी 92 एटी 4399, यूपी 92 एटी 2665, यूपी 93 बीटी 5469 और यूपी 92 एटी 4716 हैं। उपजिलाधिकारी राकेश सोनी ने खनिज अधिकारी, संभागीय परिवहन अधिकारी और वाणिज्य कर अधिकारी को पत्र भेजकर नियमानुसार आगे की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। वहीं कोतवाली प्रभारी को भी आवश्यक कार्रवाई कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।

स्कूल बस की इमरजेंसी खिड़की का लॉक टूटा, बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ का आरोप

टूटे लॉक को आईकार्ड की रिबिन से बांधकर कराया जा रहा सफर, स्कूल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार



उरई (जालौन)। शहर के अजनारी रोड स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर की स्कूल बस में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। आरोप है कि बस की इमरजेंसी खिड़की का लॉक टूटा हुआ है, इसके बावजूद इसी बस से बच्चों को प्रतिदिन स्कूल लाया और ले जाया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि टूटे हुए लॉक को ठीक कराने के बजाय बच्चों के आईकार्ड की रिबिन से बांधकर अस्थायी व्यवस्था किए जाने का आरोप है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब स्कूल बस की आपातकालीन खिड़की ही सुरक्षित नहीं है तो किसी अप्रिय घटना या दुर्घटना के समय बच्चे बाहर कैसे निकल पाएंगे? स्कूल बसों में बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए, लेकिन इस तरह की व्यवस्था बच्चों की जान जोखिम में डाल सकती है। मामले को लेकर स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखना यह होगा कि परिवहन विभाग इस मामले का संज्ञान लेकर बस की जांच करता है या नहीं। साथ ही स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है या बच्चों की सुरक्षा के लिए केवल औपचारिकता निभाई जाएगी।

आईजीआरएस रैंकिंग में जालौन पुलिस का दबदबा, लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान

19 थानों में 18 थानों ने भी हासिल किया पहला स्थान, अक्टूबर की रैंकिंग में शानदार प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

जालौन। जनशिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के मामले में जालौन पुलिस ने एक बार फिर प्रदेश में अपना परचम लहराया है। समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पोर्टल की अक्टूबर 2026 की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद जालौन को लगातार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। खास बात यह है कि जनपद के 19 थानों में से 18 थानों ने भी प्रदेश की रैंकिंग में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ और पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र आकाश कुलहरि के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चन्द्र रावत के पर्यवेक्षण में हासिल हुई है। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक एवं आईजीआरएस के नोडल अधिकारी डॉ. ईशान सोनी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत और अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी द्वारा समय-समय पर क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों को शिकायतों के निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाते रहे हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतकताओं के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए और प्रत्येक प्रकरण का गुण-दोष के आधार पर निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की निर्धारित समय सीमा के भीतर जांच और निस्तारण किया जाता है।

जांचकर्ता अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर प्रकरणों की निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण जांच की जाती है। साथ ही उच्चाधिकारियों द्वारा भी शिकायतों के निस्तारण की लगातार समीक्षा और निगरानी की जाती है। जालौन पुलिस ने इस उपलब्धि का श्रेय अधिकारियों और कर्मचारियों के समन्वित प्रयास, मेहनत और पारदर्शी कार्यप्रणाली को दिया है। पुलिस का कहना है कि भविष्य में भी जनशिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर जारी रखा जाएगा।

जालौन में सेल टैक्स विभाग की सुबह-सुबह बड़ी कार्रवाई, दो ओवरलोड लोडर पकड़े

जालौन। नगर क्षेत्र में सुबह-सुबह सेल टैक्स विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो ओवरलोड लोडर वाहनों को पकड़ लिया। विभागीय टीम ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जालौन कोतवाली में खड़ा करा दिया। सुबह-सुबह हुई इस कार्रवाई से नियमों को ताक पर रखकर वाहन संचालित करने वालों में हड़कंप मच गया। विभाग की इस कार्रवाई को जनपद में अवैध गतिविधियों और नियमों की अनदेखी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान से जोड़कर देखा जा रहा है। विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि बिना वैध कागजात के जनपद में किसी भी तरह का अनियमित कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे वाहनों और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

सेलिब्रेशन

बच्चो, दो दिन बाद दीवाली है। दीवाली सेलिब्रेशन की तुमने पूरी प्लानिंग कर ली होगी। तुम्हारी ही तरह चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी दीवाली खूब मन से सेलिब्रेट करते हैं। यहां टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं, अपनी दीवाली सेलिब्रेशन की प्लानिंग। साथ ही एक स्वीट मेमोरी के बारे में भी बता रहे हैं।



दीवाली सबकी खुशियों वाली

प्यार और रोशनी से भरें अपने जीवन को: हरिति गोशी



सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में हरिति जोशी तारा का रोल निभा रही है। इस रोल में दर्शक उसे खूब पसंद कर रहे हैं। दीवाली का त्योहार हरिति को बहुत पसंद है। वह इस दिन को किस तरह सेलिब्रेट करती है, इस बार दीवाली को लेकर उसकी क्या खास प्लानिंग है, वह बताती है, 'मैं दीवाली अपने परिवार के साथ दीये जलाकर, मिठाइयां बांटकर, खूब सारी मस्ती के साथ मनाती हूं। इस बार भी घर को सजाने और सबके साथ खुशियां बांटने की स्पेशल तैयारी है।' हरिति को अपने परिवार के साथ दीवाली सेलिब्रेट करना बहुत अच्छा लगता है। वह बताती है, 'मेरी सबसे मेमोरेबल दीवाली वह होती है, जब मैं इसे पूरी फैमिली के साथ मिलकर सेलिब्रेट करती हूं। हम साथ मिलकर दीये जलाते हैं, पटाखे छुड़ाते हैं, ढेर सारी फोटोज खींचते हैं, खूब एंज्वॉय करते हैं।' दीवाली पर हरिति कुछ ऐसा जरूर करना चाहती है, जिससे दूसरों को भी दीवाली की खुशी मिल सके। वह बताती है, 'इस दिन मैं जरूरतमंद लोगों की मदद करके, उनके साथ मिठाइयां बांटकर और उनके चेहरों पर मुस्कान लाकर दीवाली की खुशियां बांटना चाहती हूं।' बालभूमि के पाठकों के लिए हरिति का मैसेज है, 'सभी दोस्तों को मेरी तरफ से हैप्पी दीवाली!' *

सबके चेहरे पर होनी चाहिए स्माइल: भूमि रामोला



इन दिनों भूमि रामोला, सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में तितली के किरदार में दिख रही है। दीवाली का नाम सुनते ही वह उत्साह से भर उठती है। चहकते हुए भूमि बताती है, 'मुझे दीवाली का त्योहार बहुत पसंद है। घर में लाइट्स लगाना, दीये सजाना और रंगोली बनाना, ये सब करना मुझे बहुत भाता है। हर बार की तरह इस बार भी दीवाली पर मैं मम्मी-पापा के साथ मिलकर घर सजाऊंगी और पूजा करूंगी। मुझे बहुत अच्छा लगता है, जब दीवाली पर पूरा घर लाइट्स से चमकता है। हम सब परिवार के लोग साथ में होते हैं।' भूमि दीवाली से जुड़ा एक मेमोरेबल इंसिडेंट भी बताती है, 'एक बार दीवाली पर मैंने आग में पटाखा-गन वाली गोली डाल दी थी। एक आवाज के साथ आग एकाएक तेज से जली। इस आग में मेरा लहंगा जल गया। उस दिन मुझे समझ में आ गया कि पटाखों का गलत इस्तेमाल कितना खतरनाक हो सकता है। अब मैं दीवाली पर पटाखे नहीं जलाती। अब मुझे दीये सजाना, घर डेकोरेट करना और परिवार के साथ पूजा करना ज्यादा अच्छा लगता है।' हम सबको दीवाली पर ऐसा कुछ खास क्या करना चाहिए, जिससे दूसरों के घरों में भी खुशियों का उजाला फैले? पूछने पर भूमि बताती है, 'मुझे अपनी चीजें दूसरों के साथ शेयर करना अच्छा लगता है।



अगर मैं किसी की मदद कर सकूं या किसी को हंसा सकूं, तो मुझे बहुत खुशी होती है। मुझे लगता है कि दीवाली पर सबके चेहरे पर स्माइल होनी चाहिए, सबके साथ खुशियां बांटनी चाहिए।' 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए भूमि का मैसेज है, 'दीवाली पर खूब मस्ती करें, मिठाइयां खाएं और अपने परिवार के साथ खुशियां मनाएं। लेकिन पटाखे न जलाएं, क्योंकि उनसे एनिमल्स डर जाते हैं और पॉल्यूशन भी फैलाता है। दीवाली पर आप खूब सारे दीये सजाएं, सबके साथ खुशियां बांटें और हमेशा खुश रहें, यही विशेज है! हैप्पी दीपावली!' *

जरूरतमंदों की करें मदद-बांटें खुशियां: सुभाष सिंह



सोनी सब के शो 'हस्तिनापुर के वीर' में भीम का किरदार निभा रहे सुभाष सिंह को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। वह दीवाली सेलिब्रेशन के बारे में बताता है, 'मैं यह त्योहार अपने परिवार के साथ बहुत खुशी से मनाता हूं। हम घर की साफ-सफाई करते हैं, शाम को रंगोली बनाते हैं, दीये जलाते हैं, मां लक्ष्मी-गणेश जी की पूजा करते हैं।' दीवाली से रिलेटेड किसी स्पेशल मेमोरी के बारे में पूछने पर सुभाष बताता है, 'मेरे लिए तो दीवाली से जुड़ी हर मेमोरी स्पेशल होती है। फैमिली मेंबर्स के साथ मिलकर घर सजाना, रंगोली बनाना और पूजा करना, ये सब मेरे लिए मेमोरेबल मोमेंट्स होते हैं। जब पूरा घर दीयों की रोशनी से जगमगा उठता है, सबके चेहरों पर मुस्कान होती है, तो वह पल मेरे लिए बहुत खास होता है।' दीवाली खुशियां मनाने के साथ-साथ खुशियां बांटने का भी पर्व है। इसके लिए सुभाष क्या करता है, वह बताता है, 'मेरी कोशिश रहती है कि दीवाली पर जरूरतमंद लोगों की मदद करूं। उनके साथ मिठाइयां और दीवाली से जुड़ी चीजें बांटूं। दीवाली का असली अर्थ सिर्फ अपने घर को रोशन करना नहीं, दूसरों के जीवन में भी खुशियों का उजाला फैलाना है।' दीवाली पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए सुभाष का मैसेज है, 'आप सभी की जिंदगी प्यार, खुशियों और सफलता की रोशनी से जगमगाती रहे। खूब खुशियां बांटिए।' * प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स



एंज्वॉयमेंट/ शिखर चंद जैन

बच्चो, दीपावली पर हर साल तुम दीये जलाते हो, पटाखे-फुलझड़ियां भी छुड़ाते हो। क्यों न इस बार कुछ अलग तरह से दीपावली सेलिब्रेट करो, कुछ आइडियाज।

कुछ अलग तरीके से इस बार मनाओ दीपावली



बच्चो, दीपावली केवल पटाखे छुड़ाने, मिठाइयां खाने का ही त्योहार नहीं है। यह तो एक ऐसा जगमगाता पर्व है, जो हमारे आस-पास के माहौल को खुशियों से भर सकता है। इसके लिए तुम्हें कुछ नए तरीके से दीपावली मनानी होगी।

सजाओ ज्यादा दीये: दीपावली पर हर बार बाजार से दीये खरीदकर तुम जलाते ही हो। इस बार बाजार से मिट्टी के सादे दीये लाओ। लेकिन उन्हें अपने हाथों से कलर करो। कुछ दीयों पर छोटे-छोटे स्माइली भी बना सकते हो। जब तुम्हारे हाथों से सजे दीये रोशन होंगे तो तुमको अलग ही खुशी मिलेगी।

प्रेजेंट करो थैंकफुल कार्ड: दीवाली की रात पूजा के बाद अपने मम्मी-पापा को अपने हाथों से बना एक 'थैंक यू' कार्ड देना। उसमें लिखना कि उन्होंने पूरे साल तुम्हारे लिए जो कुछ किया, उसके लिए तुम उनके प्रति बहुत थैंकफुल हो। यकीनन, यह कार्ड देखकर वे बहुत खुश हो जाएंगे।

नो-साउंड लाइट शो: दीपावली की रात को पटाखे जलाकर शोर-शराबा करने के बजाय, घर की छत या टेरेस पर सभी दोस्त इकट्ठे हो जाओ। सब अपनी-अपनी बनाई रंग-बिरंगी लालटेन या ईको-फ्रेंडली कैंडल्स लाएं। धीमी आवाज में पसंदीदा संगीत चलाएं, गद्दे बिछाकर आसमान के तारों को देखें और जगमग रोशनी के नीचे एक-दूसरे को मजेदार कहानियां या चुटकुले सुनाएं।

बुजुर्ग पड़ोसियों की केयर करो: तुम्हारे पड़ोस में ऐसे कुछ बुजुर्ग दादा-दादी रहते होंगे, जिनके बच्चे बाहर रहते हैं या जो अकेले हैं। दीवाली के दिन कम से कम आधा घंटा उनके घर जाकर बिताओ। उनके पुराने दिनों की दीवाली की कहानियां सुनो, उनके साथ दीये जलाओ और अगर किसी काम में कोई दिक्कत हो रही हो, तो उनकी मदद करो। इससे उन्हें बहुत खुशी मिलेगी, उनकी भी दीपावली हैप्पी हो जाएगी।

बेजुबान जानवरों का रखो ध्यान: पटाखों के धमाकों से कुत्ते, बिल्लियां और पक्षी बहुत ज्यादा डर जाते हैं। इस बार दीवाली पर अपने आस-पास के बेजुबान जानवरों के लिए अपने घर के बाहर पानी का बर्तन रखो और उनके सुस्ताने के लिए कोई सुरक्षित जगह बना सकते हो। दोस्तों को भी समझाओ कि जानवरों के पास पटाखे न चलाएं। *

कविता / दिनेश विजयवर्गीय

फुलझड़ी



दीवाली के दीप जले
फुलझड़ी के फूल खिले
चुन्नू-मुन्नू छोटे बच्चे
बस चलाते फुलझड़ी।
आसमान के तारों सी
फूल खिलाती फुलझड़ी
सब बच्चों का मन मुस्काती
प्रकाश फैलाती फुलझड़ी।
पापा चलाते बम-पटाखे
नहीं चलाते फुलझड़ी
हमसे कहते दूर रहो
बस चलाओ फुलझड़ी।

यहां-वहां घूम-घूम कर
खूब चलाते फुलझड़ी
दादा-दादी खुश हो जाते
जब फूल खिलाती फुलझड़ी।

बूझो तो जानें





1 दो अक्षर का है मेरा नाम,
पर तेरता पटाखा मेरा काम।
देखकर मुझको सब ताली दें,
पर आसमान के साथ जाते हैं।

2 पर-आकाश में सजती है,
जीवन में रस भरती है,
उत जलती बिखरती है,
मन को खूब लुभाती है।

3 दिखता हू मैं सीधा-साधा,
पर वास्तव में टेढ़ा-मेढ़ा
धरती से है नाता तोड़ा,
जैसे नभ से नाता जोड़ा।

- नलिन चौरसिया

उत्तर : 1. फुलझड़ी, 2. रॉकेट, 3. अनार

जीके क्विज-230



1. एक दिवसीय क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक किसने बनाया है?
2. भारत के वर्तमान वृषि मंत्री कौन हैं?
3. हाल में ही किस देश का नया नेशनल एनथम लिरिक्स किया गया है?
4. फ्रूट्स राय का तथा किस खेल से है?
5. एवरेस्ट के शिखर तक पहुंचने वाली पहली महिलाएं कौन थीं?
6. शांति निकेतन की स्थापना किसने की थी?
7. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस प्रदेश में स्थित है?
8. कार्तिक पूर्णिमा को किस महान संत की जयंती मनाते हैं?
9. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
10. आग बुझाने के लिए मुख्यतः किस गैस का इस्तेमाल किया जाता है?

बच्चो, जीके क्विज-230 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

जीके क्विज-229 का उत्तर: 1.फैरा शूटिंग, 2.गाजियाबाद और वाराणसी, 3.एस. जयशंकर, 4.ग्यानीमीड, 5.कार्यन डाईऑक्साइड, 6.मध्य प्रदेश, 7.खान अब्दुल गफ्फार खान, 8.डोग-से, 9.रांची, 10.24 अक्टूबर

जीके क्विज-229 का सही उत्तर देने वाले: ईशान-बस्तर, अदिति-दुर्ग, काव्या-जींद, आर्यन-भोपाल, जुही-कटनी, नितिन-कोडागांव, राघव-जयपुर, प्रीतिमा-रोहतक, अक्षिम-जबलपुर, टीना-जींद, पंखुड़ी-रायपुर, एकांश-बिलासपुर, प्रत्यूष-सतना, पूजा-दिल्ली, पाखी-भिलाई, सुमन-रायगढ़



कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

दीवाली की सुबह नितिन की नींद खुली तो वह बिस्तर में लेटे-लेटे आज खरीदे जाने वाले पटाखों के बारे में सोचने लगा। नाश्ता करने के बाद उसे पापा के साथ पटाखे खरीदने बाजार जाना था। तभी नितिन को उसे उसी कमरे में से रहे दादा जी की खांसी की आवाज सुनाई दी। उन्हें अस्थमा (दमा) की बीमारी है, इसलिए उन्हें अकसर खांसी आया करती है, जो आमतौर पर थोड़ी देर बाद शांत हो जाती है, लेकिन इस बार उनकी खांसी न तो रुकी और न ही कम हुई।

नितिन समझ गया, दादा जी को अस्थमा का दौरा पड़ा है। वह झट बिस्तर से उतरा और मम्मी-पापा के कमरे में जाकर उन्हें दादा जी के खांसने वाली बात बताई। मम्मी-पापा तुरंत दादा जी के पास पहुंचे। वह बहुत ज्यादा खांस रहे थे। पापा ने जल्दी से दादा जी को वह दवा दी, जो ऐसी हालत होने पर देने के लिए डॉक्टर ने कह रखा है। दवा लेने के कुछ देर बाद दादा जी की खांसी काबू में आ गई। वह बिस्तर पर लेट गए।

'प्रदूषण की वजह से पिता जी की ऐसी हालत ही हो जाती है।' पापा बोले।

'दीवाली के कारण इन दिनों बढ़ भी तो गया है न प्रदूषण।' मम्मी बोलीं।

'अभी तो रात तक देखना और कितना बढ़ जाएगा प्रदूषण, जब लोग चलाएंगे पटाखे।' पापा ने कहा तो नितिन बोला, 'पापा, कल स्कूल में विज्ञान के सर प्रदूषण वाला पाठ पढ़ाते हुए बता रहे थे कि एयर प्यूरीफायर लगाने से भी प्रदूषण से बचाव होता है। इसलिए क्यों न घर में एक प्यूरीफायर लगवा लें। इससे दादा जी को अस्थमा से आराम मिलेगा।'

नितिन की बात सुनकर पापा कुछ पल तक सोचते रहे फिर बोले, 'तुम्हारी बात सही है बेटा, लेकिन एयर प्यूरीफायर कोई दो-चार सौ रुपए का तो आता नहीं, जो तुरंत जाकर खरीद लिया जाए। इस पर तो हजारों रुपए लगते हैं। इसलिए इसे खरीदने के लिए पहले पैसों का प्रबंध करना पड़ेगा।' 'अभी तो दीवाली का ही इतना खर्चा है।' मम्मी कहने लगीं। 'एयर प्यूरीफायर खरीदने की बात तो मेरे दिमाग में भी है, पर इसके लिए पैसा बच ही नहीं पाता। चलो, बाद में खरीद लेंगे कभी।' मजबूरी भरे स्वर में पापा बोले।

पापा की बात सुनकर नितिन कुछ देर तक सोचता रहा जैसे किसी असमंजस में हो। फिर सधी हुई आवाज में बोला, 'पापा, आज दीवाली पर मुझे जो पटाखे लेने हैं, अगर वो न लूं तो इससे कुछ पैसे बच सकते हैं न।'

'पर तुम्हारे आठ-नौ सौ रुपए के पटाखे न खरीदने से तो नहीं लिया जा सकता न एयर प्यूरीफायर!' कहते हुए पापा हल्के-से मुस्कुरा पड़े।

'मेरी गुल्लक में भी तो हैं कुछ रुपए!' नितिन हार मानने को तैयार नहीं था।

'लेकिन उसमें भी कितने होंगे बेटू! हजार-डेढ़ हजार से ज्यादा कहां होंगे।' मम्मी बोल उठीं।

बिस्तर पर लेटे हुए दादा जी सारी बातें सुन रहे थे, वह बोले, 'दो-अढ़ाई हजार तो मेरे पास भी निकल आएंगे।' 'मेरे पास तो जो थोड़े-बहुत रुपए थे, सब खर्च हो गए त्योहारों पर।' मम्मी मन मसोस कर बोलीं।

यह सब सुनकर पापा ने कहा, 'लेकिन इतने रुपयों से तो आ नहीं पाएगा एयर प्यूरीफायर। मैं जानता हूं कि पिताजी की सेहत के लिए इसे खरीद लेना चाहिए, पर क्या करें पैसे ना होने की वजह से इसे खरीदना नहीं हो पा रहा है।'

पापा की बात सुनकर नितिन सोच में पड़ गया फिर बोला, 'पापा, खरीद लीजिए न एयर प्यूरीफायर किसी तरह! दादाजी की सेहत की बात है। आप चाहे मेरी ट्यूशन बंद करवा दीजिए।'

पापा ने कुछ सोचा फिर बोले, 'न तो पिताजी से रुपए लेने हैं और न नितिन की गुल्लक खाली करनी है। नितिन की ट्यूशन भी जरूरी है। मैं ऐसा करता हूं कि एयर प्यूरीफायर को किस्तों पर खरीद लेता हूं।'

'बहुत बढ़िया, पापा! पहली किस्त के लिए आप उन रुपयों को मिला लेना, जो मेरे पटाखे न खरीदने से बचेंगे।' नितिन खुशी-खुशी बोला।

'अरे नहीं बेटा, तुम खरीद लेना पटाखे।' पापा मुस्कुरा दिए। 'नहीं पापा, पटाखे चलाकर मैं प्रदूषण को और नहीं बढ़ाना चाहता।' नितिन मजबूत इरादे के साथ बोला। 'ठीक है, जैसी तुम्हारी मर्जी।' पापा बोले।


'शाबाश बेटू, प्रदूषण न बढ़ने पाए, यह तुम्हारी बड़ी अच्छी सोच है!' मम्मी ने नितिन की तरफ प्रशंसा भरी नजरों से देखते हुए कहा।

'तो ठीक है, नाश्ता करके एयर प्यूरीफायर खरीदने चला जाता हूं मैं।' पापा के यह कहते ही नितिन झट से बोला, 'पापा, मैं भी चलूंगा आपके साथ। उसको आज ही घर पर लगवा लेंगे।'

'ठीक है, आज ही लगवा लेंगे।' पापा ने कहा तो नितिन हंसते हुए बोला, 'यह तो दादा जी के लिए स्पेशल दीवाली गिफ्ट होगा।

सुनकर दादा जी, पापा और मम्मी जोरों से हंस पड़े। *

दीवाली गिफ्ट



कविता

घमंडीलाल अग्रवाल



दीपों का त्योहार

सभी खुशी की बंदनवार,
आया दीपों का त्योहार।
डरकर भाग गया अंधियारा,
प्रीयारे ने पाया प्यार।
नवलनगर-सा दिपदिप करता,
अपना छोटा-सा घर द्वार।
फटक-फटकर धूम मचाते,
यहां-वहां फुलझड़ी, अनार।
हमें टूकानों पर बुलवाएं,
खील-बताशे बारंबार।
खली गंदगी मुख बिचकाती,
हुई सफाई की जयकार।
नन्हे-नन्हे दीपक बोलें,
अन्यायों को मिलती हार।
आदर्शों को हम अपनाएं,
सभी बड़ों का हो सत्कार।

रंग भरो-214

रंग भरो-214 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से कुछ बच्चे अपना चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उन्हें रंगकर भेजने वाले बच्चों के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





पृथ, दिल्ली



ईशान, दिल्ली



लैशिका, दिल्ली



आन्या, दुर्ग



अक्षिका, पाटा



तीरथ, रुकनपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दीक्षा-दिल्ली, रचना-दुर्ग, पलक-पटा, सोनू-गवालपुर, वाहीद-सोहाल, अंकित-मालकपुर, अन्वी-तौलक, मानसी-सिलाही, दीपना-नाकरिए, तहुल-धमतरी, हरीश-बिलासपुर, एकांश-बलियाकर, अंकिता-धमतरी, विनोद-रायपुर, लक्षित-धमतरी

रंग भरो 215



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दिवाली पर स्त्रियों के घर दीये जल रही है। इस चित्र को मनपसंद रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, प्रपत्र और स्कूल का नाम हमें इस पते पर भेजें- संपादक- पीयूष, प्रतिभूति कार्यालय, 129, ट्रांजिट हॉउस, एजरी मार्ग, पहिलवी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर भेज दो।